* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 318

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मुख्यमंत्री की घोषणा पर कैबिनेट की लगी मुहर







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 335079 (Energy) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है मंईयां सम्मान योजना

## ■ विधानसभा चुनाव से पहले इसकी काट खोज रही भाजपा

## ■ प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड दौरे से भाजपा नेताओं की बढ़ी उम्मीद

**आजाद सिपाही विशेष**

**विधानसभा चुनाव के दरवाजे पर खड़े झारखंड में अब सब कुछ चुनावी लाभ-हानि की कसौटी पर कसा जाने लगा है। झारखंड के ढाई दशक के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है, जब यहां के सियासी माहौल में इतनी तल्खी और आक्रामकता है। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का चरम है। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, हर कोई अपनी चाल सधे हुए अंदाज में चल रहा है और हर चाल के पीछे वोट का गणित छिपा है। ऐसे में झारखंड की सत्ता को दोबारा हासिल करने की कोशिश में जुटी भाजपा के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर दिन नयी चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछले महीने हेमंत सोरेन ने राज्य की महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रुपये देने की योजना की शुरूआत की। उस समय उम्र सीमा 21 साल से 50 थी। अब इसमें सुधार हो रहा है। इस योजना का लाभ अब 18 वर्ष की उम्र से ही मिलने लगेगा। अब तक 52 लाख आवेदकों में से 47 लाख को यह रकम दी जा चुकी है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्य की बहनों-माताओं में उत्साह है। इसने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। शुरू में भाजपा ने इसे बहुत ही हल्के ढंग से लिया था और इसे चुनावी स्टंट करार दिया था, लेकिन जैसे-जैसे मां-बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर हो रहे हैं, इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। जब तक चुनाव होगा, तब तक तीन इंस्टालमेंट उनके खाते में चला जायेगा। यानी चुनाव तक प्रत्येक के खाते में कम से कम तीन हजार रुपये ट्रांसफर हो चुके होंगे। समझा जा सकता है कि भाजपा चिंतित क्यों है। केंद्र सरकार की फ्री राशन वाली योजना के सामने डायरेक्ट खाते में पैसे वाली योजना बाजी मारती हुई दिख रही है। जनता तो खुश है, फ्री राशन के साथ सम्मान राशि भी मिल रही है। उसके तो दोनों हाथों में लड्डू है। अब भाजपा के लिए सबसे बड़ी चिंता यही है कि अब केवल किसी जाति विशेष को साधने से काम नहीं चलनेवाला, बल्कि उसे हर जाति और वर्ग पर ध्यान देना होगा। इन चिंताओं के बीच झारखंड भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 सितंबर को होनेवाली जमशेदपुर यात्रा से उम्मीदें बांध रखी हैं कि वह हेमंत सोरेन की योजना के जवाब में कोई क्रांतिकारी योजना की घोषणा कर दें। क्या है मंईयां योजना की चुनौती और झारखंड के चुनावी माहौल में इसने कैसे भाजपा के सामने चुनौती पेश कर दी है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

विधानसभा चुनाव के मुहाने पर खड़े झारखंड की स्थिति आज यह है कि यहां की हर गतिविधि, चाहे वह उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान युवाओं की मौत हो या फिर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खाते में रकम का ट्रांसफर होना या फिर कोई अन्य मुद्दा, अब चुनावी लाभ-हानि और वोट के गणित के साथ जोड़ कर देखा जा रहा है। राजनीतिक दलों के बीच यह प्रतिद्वंद्विता झारखंड के लिए नयी बात है, क्योंकि इस राज्य के ढाई दशक के राजनीतिक इतिहास में चुनाव से पहले इस तरह का माहौल पहले कभी नहीं हुआ था। भाजपा विपक्ष में है और दोबारा सत्ता हासिल करने की कोशिश में है, जबकि झामुमो-कांग्रेस-राजद का गठबंधन सत्ता में है और इस कारण उसके पास असीमित संसाधन हैं। आक्रामक चुनावी प्रतिद्वंद्विता के इस दौर में चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, कोई भी दांव आजमाने से पीछे नहीं हटना चाहता। हर दांव के जवाब में एक नया दांव चलने की मजबूरी हो गयी है।

ऐसे में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पिछले महीने शुरू की गयी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की इन दिनों बहुत चर्चा है। यह योजना वास्तव में भाजपा के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है और इसका असर अभी से महसूस होने लगा है।

### क्या है मंईयां सम्मान योजना

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना झारखंड की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य 18 से 50 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना हेमंत सोरेन के कार्यकाल में लागू की गयी है और उनकी सरकार की सफलतम योजनाओं में से एक मानी जा रही है। इस योजना की शुरुआत 3 अगस्त को हुई थी और 18 अगस्त से लाभुकों के खाते में रकम ट्रांसफर होने लगी। अब तक कुल 52 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है और 47 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है। हाल ही में सरकार ने उम्र सीमा को घटा कर 18 वर्ष कर दिया है, जिससे लाभार्थियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि इस योजना के तहत साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे, जिसे पूरा करने के लिए सरकार ने ग्रीन सेस लगाने का निर्णय लिया है। इस विधेयक को झारखंड विधानसभा से मंजूरी मिल चुकी है और यह वित्तीय स्रोत सुनिश्चित करने में मदद करेगा।



### क्यों कहा जा रहा है गेमचेंजर

मंईयां सम्मान योजना को झारखंड की राजनीति का गेमचेंजर कहा जा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसने वर्ग, जाति, संप्रदाय आदि का भेद खत्म कर दिया है। इस योजना में हर वह महिला शामिल हो सकती है, जो सरकार की किसी दूसरी योजना की लाभुक नहीं हो। यानी कि इसमें आदिवासी-गैर आदिवासी, अगड़े-पिछड़े और बहुसंख्य-अल्पसंख्यक का फर्क खत्म कर दिया गया है। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस योजना का राजनीतिक असर भी बड़ा होगा। महिलाएं इस योजना से संतुष्ट हैं और इससे उन्हें आर्थिक सहायता मिल रही है। यह भी देखा गया है कि इस योजना के चलते महिलाओं में उत्साह बढ़ा है। यदि योजना की सफलता और लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया बनी रहती है, तो यह चुनाव परिणामों पर प्रभाव डाल सकती है। विपक्ष और खासकर की यह चुनौती होगी कि वह योजना के प्रभाव को कैसे टालता है और अपनी योजनाओं और वादों को कैसे प्रस्तुत करता है।

### क्या हो सकता है राजनीतिक असर

मंईयां योजना के तहत हर वह महिला आवेदन के योग्य है, जो 18 साल से 50 साल की उम्र की हो। यानी यदि एक घर में तीन महिलाएं हैं, तो उस घर में हर महीने तीन हजार रुपये नियमित रूप से पहुंचने लगे हैं और ये महिलाएं अब खर्च के लिए पुरुषों पर निर्भर नहीं रहेंगी। यह रकम मतदान केंद्रों में लगायी जानेवाली इवीएम पर सत्ता पक्ष को वोट देने में कितनी सहायक होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य सहयोगी दल इस योजना को अपने पक्ष में पेश करेंगे और इसे भाजपा के खिलाफ एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। इतना ही नहीं, वर्ग भेद को खत्म करने की बात भी जोर-शोर से प्रचारित की जायेगी।

### भाजपा के लिए है बड़ी चुनौती, लेकिन रास्ता भी उसी से

यह योजना भाजपा के लिए एक चुनौती बन गयी है, खासकर चुनावी मौसम में, जिस तरह से यह योजना लोकप्रिय हो रही है, यह निश्चित तौर पर वोट बैंक पर प्रभाव डाल सकती है। भाजपा के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है, क्योंकि यह योजना सीधे तौर पर महिलाओं को वित्तीय लाभ पहुंचा रही है। यदि योजना की सफलता के चलते महिलाओं के बीच सकारात्मक भावना बनती है, तो यह वोट बैंक को प्रभावित कर सकती है। भाजपा के लिए चुनौती होगी कि वह इस योजना का मुकाबला कैसे करती है और अपने चुनावी वादों को कैसे प्रस्तुत करती है।

इसके अलावा भाजपा की दूसरी बड़ी चुनौती इसकी रणनीति को लेकर है। पार्टी ने अब तक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए आदिवासी वोटरों पर ही ज्यादा ध्यान केंद्रित किया था, लेकिन मंईयां योजना ने उसे समक्ष चुनौती पेश कर दी है। पार्टी को अब आदिवासी, कुरमी-महतो के साथ दूसरे वर्ग के वोटरों को साधने के लिए नये सिरे से कोशिश करनी होगी। युवाओं को भी साधने के लिए अलग रणनीति पर काम करना होगा। पैसा का काट तो पैसा ही होता है, भाजपा उस पर फोकस भी कर रही होगी। लेकिन उसकी तरफ लोग तो तभी आकर्षित होंगे, जब उनके खाते में कुछ मिलेगा।

### पीएम मोदी की यात्रा से उम्मीद

इस परिस्थिति में झारखंड भाजपा की उम्मीदें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 सितंबर को होनेवाली जमशेदपुर यात्रा पर टिक गयी हैं। कहा जा रहा है कि पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान झारखंड को करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। झारखंड भाजपा को उम्मीद है कि पीएम मोदी ऐसी किसी योजना की घोषणा जरूर करेंगे, जिनका तत्काल लाभ मिलने लगे, क्योंकि मंईयां सम्मान योजना में तो महिलाओं के खाते में रकम जाने लगी है। वे तो यही चाहेंगे कि तत्काल उनके खाते में कुछ आये।

---

# बालूमाथ में गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

## घटना के बाद स्थानीय लोगों में रेलवे विभाग के प्रति भारी आक्रोश

**संतोष सिन्हा**

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों में रिशु कुमार (6 वर्ष) पिता राजेश यादव, सूरज कुमार (6 वर्ष) पिता चरकू पाहन और गोलू कुमार (7 वर्ष) पिता कृष्णकांत गंझू का नाम शामिल है। ये घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगड़ा गांव की है। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी आशुतोष सत्यम के निर्देश पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बालूमाथ के नगड़ा गांव के पास रेलवे लाइन के निकट मिट्टी भराव को लेकर रेलवे विभाग के द्वारा गड्ढे किये गये थे। गड्ढा काफी गहरा था और बारिश के कारण उसमें पानी भी भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि नगड़ा गांव के तीन बच्चे गड्ढे के पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक तीनों बच्चे गड्ढे में जा गिरे। स्थानीय लोगों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली। लोग बचाव के लिए भागे-भागे आये। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी बालूमाथ पुलिस को दी। साथ ही साथ ग्रामीणों के द्वारा डीजल पंप के माध्यम से गड्ढे के पानी को निकाला जाने लगा। काफी प्रयास के बाद तीनों बच्चों को पानी से निकाला गया, परंतु तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।



### रेलवे विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में रेलवे विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। नगड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विभाग के द्वारा कई स्थानों पर इसी प्रकार गड्ढे करके छोड़ दिया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को हमेशा नुकसान हो रहा है। गड्ढे के कारण ही तीन बच्चों की मौत हो गयी। इससे पूर्व भी कई बार गड्ढे में डूबने से जानवरों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे विभाग को तत्काल सभी गड्ढों को भरवाना पड़ेगा और मृतक बच्चों के परिजनों को तत्काल मुआवजा देना होगा। ग्रामीण ने जिला प्रशासन से भी मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप करे और जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई हो।**

---

# मुख्यमंत्री का गिरिडीह और धनबाद में कार्यक्रम 9 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के गांडेय में 9 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होगा। यहां गिरिडीह और धनबाद जिला का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसी के मद्देनजर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधिक्षक डॉ विमल कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम

मौके पर उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गांडेय, अंचलाधिकारी, गांडेय, कार्यपालक अभियंता, विद्धुत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल 1-2, कार्यपालक अभियंतास भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग एवं संबंधित अधिकारी व कर्मा तथा पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



---

# झारखंड के मुखिया को मिलेगा पांच हजार मानदेय

**मंत्री इरफान अंसारी के साथ वार्ता के बाद बनी सहमति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ की हड़ताल खत्म हो गयी है। दरअसल पिछले कई दिनों से मुखिया संघ राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठा था। लेकिन अब ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी से मुखिया संघ की वार्ता हो गयी है, जिसमें पांच हजार रुपये मानदेय देने पर सहमति बनी है। झारखंड के मुखियाओं को भी बिहार की तर्ज पर मानदेय दिया जायेगा। जल्द ही इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास भेजा जा सकता है। बता दें कि झारखंड के सारे मुखिया बीते 27 अगस्त से हड़ताल पर थे।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजा नोटिस

**जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का दिया समय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीनियर आइपीएस ऑफिसर अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाये जाने का मामला विवादों में आ गया है। डीजीपी की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका पर कोर्ट ने मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते और प्रभारी डीजीपी से जवाब मांगा है। याचिका में दावा किया गया है कि अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाये जाने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय अनिवार्य दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। इसने केंद्रीय गृह सचिव और यूपीएससी को भी नोटिस जारी किया।

### अजय सिंह को हटाकर अनुराग गुप्ता को बनाया गया है डीजीपी

**गौरतलब है कि 11 फरवरी 2023 को तत्कालीन डीजीपी नीरज सिन्हा के रिटायर होने के बाद अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया गया था। लेकिन जुलाई 2024 में झारखंड सरकार ने 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी नियुक्त कर दिया। याचिका में कहा है कि अजय सिंह को हटाने में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया गया। अब इस मामले को लेकर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया गया है।**

जमशेदपुर निवासी नरेश मकानी द्वारा दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अनुराग गुप्ता को अजय कुमार सिंह की जगह अंतरिम डीजीपी नियुक्त किया गया था। कोर्ट में दायर याचिका में दलील दी गयी है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति अस्थायी तौर पर की गयी है, जो सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी राज्य में डीजीपी की नियुक्ति कम से कम दो साल के लिए होती है। डीजीपी को हटाने की प्रक्रिया तभी शुरू होती है, जब सेवा नियमों का उल्लंघन हो या किसी आपराधिक मामले में कोर्ट का फैसला हो, भ्रष्टाचार साबित हो या डीजीपी अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हों, तब उन्हें हटाया जा सकता है।

---

# पांच अपराधी चढ़े जामताड़ा साइबर पुलिस के हत्थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए जामताड़ा साइबर पुलिस ने साइबर अपराध को अंजाम देते हुए पांच अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बांसबाड़ी से साइबर अपराध को अंजाम देते हुए 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में प्रदीप मंडल, वासुदेव मंडल, अफजल अंसारी, मजहर आलम और जलील अंसारी शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 22 एंड्रायड मोबाइल फोन, 24 फर्जी सिम कार्ड, दो एटीएम कार्ड, दो पासबुक, दो आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के खिलाफ गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

www.epaper.azadsipahi.in

07 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 318

प्रधानमंत्री मोदी ने 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत की






FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwfery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर कैबिनेट की लगी मुहर

# मंईयां योजना का लाभ 18 वर्ष की लड़कियों को भी मिलेगा

- कैबिनेट की बैठक में 63 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी
- मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना को मंजूरी
- रांची में एससी-एसटी के लिए छात्रावास का होगा निर्माण
- विधानसभा सदस्यों के वेतन-भत्ता में संशोधन की स्वीकृति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार जनहित के लिए कदम उठा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने पिछले दिनों मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ 18 वर्ष की लड़कियों को देने की भी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। अब तक यह लाभ 21 से 50 साल से अधिक की महिलाओं को मिल रहा था। अभी 48 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा था। अब संशोधन के बाद 8 लाख अतिरिक्त लड़कियों को लाभ मिल सकेगा। कैबिनेट ने रांची में एससी-एसटी के लिए छात्रावास निर्माण, सरकारी स्कूली छात्रों को पोशाक के लिए राशि बढ़ाने, मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना को मंजूरी, विधानसभा सदस्यों के वेतन-भत्ता मे संशोधन की स्वीकृति समेत 63 प्रस्तावों की मंजूरी दी।

**करम टोली और वीमेंस कॉलेज में बनेगा छात्रावास :** रांची में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए 520 बेड के छात्रावास और एससी के लिए 528 बेड के छात्रावास निर्माण की मंजूरी दी गयी। लड़कों के लिए यह छात्रावास करम टोली में जी-6 बनेगा और लड़कियों के जी-7 फ्लोर का वीमेंस कॉलेज में बनेगा। वहीं, सावित्रीबाई फूले छात्रवृत्ति योजना से अब निजी विद्यालयों में आरक्षित सीटों पर नामांकित वर्ग 8 की बालिकाओं को भी लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जेपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के व्यय सहित अन्य कार्य के लिए 29 करोड़ की मंजूरी।
- आय प्रमाण पत्र अब वित्तीय वर्ष के लिए होगा जारी।
- बोकारो के भंडारी डीह गोमो स्टेशन पथ के लिए 71 करोड़ की मंजूरी।
- गढ़वा के रंका से रमकंडा मोड़ के लिए भी राशि की मंजूरी।
- पालना योजना के क्रियान्वयन को मंजूरी।
- झारखंड में 22 फास्ट ट्रैक कोर्ट को नियमित रूप से संचालित किया जायेगा।
- छात्रावासों के पोषण योजना 2024 में आंशिक संशोधन, जिसमें गैर सरकारी संस्थान सहित विभिन्न एजेंसी या कंपनी भी शामिल हो सकती हैं।
- राजकीय आंगनबाड़ी में दो शौचालय और पेयजल की व्यवस्था होगी।
- नर्सिंग निदेशालय गठित करने की स्वीकृति।
- जेटेट परीक्षा नियमावली में संशोधन की स्वीकृति, अब ओएमआर आधारित परीक्षा आयोजित हो सकेंगी।
- बंशीधर शहरी जलापूर्ति योजना को प्रशासनिक स्वीकृति।
- दुमका के निश्चितपुर पथ के लिए 32 करोड़ की मंजूरी।
- अधिवक्ताओं की पेंशन राशि में वृद्धि और स्वास्थ्य बीमा लाभ।
- साधन सेवी कर्मी के मानदेय में वृद्धि।
- ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को राज्य सरकार अब 5 रुपये प्रति लीटर देगी प्रोत्साहन राशि।
- पीएम फसल सुरक्षा योजना की अंतिम तिथि के विस्तार की मंजूरी।
- गढ़वा शाहपुर पथ के लिए 77 करोड़ की मंजूरी।
- रिम्स में एमआरआइ मशीन के क्रय के लिए प्रस्ताव को मंजूरी
- पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री सहायकों का वेतन 43412 रुपये से बढ़ कर 44900 कर दिया गया।

### पोशाक के लिए अब 1200 रुपये मिलेंगे

कैबिनेट ने सरकारी स्कूल के 9 से 12 वर्ग के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पोशाक के लिए राशि 600 से बढ़ा कर 1200 रुपये करने की मंजूरी दी। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए निर्गत किये जाने वाले आय और परिसंपत्ति की वैधता एक वर्ष तक करने की स्वीकृति दी गयी है। राज्य सजा पुनरीक्षण के द्वारा किसी बंदी की सजा को नामंजूर कर देने के बाद फिर से 1 वर्ष के बाद ही उपस्थित करने का प्रावधान था। अब अगर किसी बंदी की रिहाई के लिए एक या एक से अधिक बार आवेदन नामंजूर कर दिया गया है, तो उस पर विचार फिर से किया जा सके।

### पुलिसकर्मियों का दुर्घटना बीमा होगा

कैबिनेट ने सहायक पुलिस कर्मियों का दुर्घटना जीवन बीमा कराने की मंजूरी दी। वहीं, सहायक पुलिस कर्मियों को मानदेय बढ़ा कर 10000 से 13000 रुपये और वर्दी भत्ता के रूप में 4000 रुपया सालाना मिलेगा। बड़कागांव क्षेत्र में 98.05 एकड़ जमीन कोयला निकासी के लिए एनटीपीसी को 30 वर्ष के लिए लीज पर देने की मंजूरी दी गयी।

### जल सहिया को दो हजार रुपये मिलेगा मानदेय

कैबिनेट ने जल सहिया का मानदेय दो हजार रुपये प्रति माह करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वहीं सहिया की प्रोत्साहन राशि भी दो हजार रुपये और सहिया साथी को 50 रुपये प्रतिदिन करने की मंजूरी दी गयी। उधर, 180 मदरसों 11 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षको और कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

## मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री के घर पर रॉकेट से हमला

इंफाल। सेजम चिरांग गांव के मैतेई रहवासी ने दो सितंबर की शाम अपने घर पर हुए हमले के बाद वीडियो बनाकर शेयर किया था। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर शुक्रवार को दोपहर तीन बजे कुकी उग्रवादियों ने रॉकेट बम से हमला किया। इस हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गये। कांग्रेस नेता मैरेम्बम कोइरेंग राज्य के पहले मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह तीन बार मुख्यमंत्री बने थे। उनका निधन दिसंबर 1994 में हो चुका है। पुलिस के मुताबिक, कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी से करीब चार किलोमीटर की दूरी से मोइरांग में रॉकेट बम से हमला किया। हमले के दौरान जिस बुजुर्ग की जान गयी, वो धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। उधर, शुक्रवार सुबह ही बिष्णुपुर जिले में स्थित मोइरांग से चार किमी दूर ट्रोंगलाओबी इलाके में रॉकेट बम से हमला हुआ था। इसमें दो इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयी थीं। मोइरांग में पहली बार बंदूक-बम से हमला हुआ है।

# प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर बाबूलाल ने जमशेदपुर में की बैठक

- 15 सिंतबर को नरेंद्र मोदी के आने का है कार्यक्रम
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का दिया निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के दौरे पर आनेवाले हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। साथ ही कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गगराई, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी समेत अन्य लोग मौजूद थे।


**कोल्हान की सभी 14 सीटें जीतनी हैं:** बाबूलाल मरांडी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह विधानसभा चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से जुट जाये। कोल्हान से इस बार सारी 14 सीटें जीतनी हैं। सभी घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित के कामों को जनता तक पहुंचायें।

**8-9 सितंबर को कार्यकर्ता बूथों पर जायेंगे:** बाबूलाल मरांडी ने निर्देश दिया है कि 8 और 9 सितंबर को एक अभियान के तहत सभी पार्टी कार्यकर्ता बूथों पर जायेंगे और वहां मतदाता सूची का जायजा लेंगे। अगर मतदाता सूची में गड़बड़ी है, तो उसे ठीक करवाना है। नाम छूटा है, तो जुड़वाना है, गलत नाम चढ़ा है, तो उसे कटवाना है। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि सभी प्रमंडल में संकल्प यात्रा निकाली जायेगी। यह संकल्प यात्रा 20 या 21 सितंबर को निकाली जायेगी। संकल्प यात्रा के जरिए भाजपा अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरेगी।

**जदयू के बारे में फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा:** बाबूलाल मरांडी से मीडिया ने जब पूछा गया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा किन पार्टियों के साथ चुनाव लड़ेगी। इस पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी भाजपा के साथ आजसू है। इसके अलावा और कौन पार्टी भाजपा के साथ चुनाव लड़ेगी, इसका फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा। जदयू के बारे में पूछे जाने पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जदयू केंद्र में भाजपा के साथ है। यहां वह चुनाव लड़ेगी या नहीं इसका फैसला केंद्रीय स्तर पर ही होगा।

### चंपाई और लोबिन ने झामुमो क्यों छोड़ी, हेमंत के पास है जवाब?: मरांडी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो पर हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो के बैनर से शिबू सोरेन गायब हो गये हैं। बैनर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर नहीं लगायी जा रही है। बैनर में इन दिनों हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ही रहती हैं। क्या कारण है कि झामुमो के सीनियर लीडर चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम को पार्टी छोड़नी पड़ी है। इन लोगों ने झामुमो को खून पसीने से सींचा था। आनेवाले समय में और भी लोग पार्टी में शामिल होंगे। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार ने लोगों से किये वादे पूरे नहीं किये। रोजगार का वादा नहीं पूरा किया। महिलाओं को सोने का सिक्का देने का वादा पूरा नहीं किया।




# दिउड़ी मंदिर में ताला जड़ने के विरोध में बुंडू और तमाड़ बंद

- ट्रस्ट गठन को लेकर हिंदू और आदिवासी संगठन आमने-सामने आये

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़/बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट के गठन के विरोध में हिंदू और आदिवासी संगठन आमने-सामने हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार को मंदिर में ताला जड़ दिया था, जिसे प्रशासन की सख्ती के बाद खोल दिया गया। ताला बंद करने के विरोध में विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को तमाड़ और बुंडू बंद का आह्वान किया, जिसका जबरदस्त असर देखने को मिला। ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। लोगों ने ताला लगाने वालों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है।

**हिंदू समुदाय ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग :** तमाड़ और बुंडू में आदिवासी समुदाय द्वारा प्राचीनकालीन दिउड़ी मंदिर में ताला लगा कर पूजा को बाधित करने के विरोध में सभी दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानों को बंद कर इसका समर्थन किया। हिंदू समुदाय के लोगों का आरोप है कि मंदिर में ताला लगाने वालों ने उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचायी है। बुंडू और तमाड़ में सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोगों ने मंदिर में ताला लगाने वालों के खिलाफ नारेबाजी की और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। प्रशासन ने मामले में सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस प्रशासन गुरुवार देर रात में 20 नामजद और 100 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर चुका है।



### दूसरे पक्ष का क्या कहना है

दूसरे पक्ष यानी आदिवासी समुदाय का कहना था कि उनकी सहमति के बगैर ट्रस्ट का गठन किया गया है। हालांकि प्रशासन ने जब सख्ती बरती तो ताला तोड़ कर मंदिर में फिर से पूजा शुरू करायी गयी। इस बीच एसडीएम और ग्रामीणों के बीच करीब तीन घंटे तक वार्ता चली। ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि ट्रस्ट का गठन नियम विरुद्ध किया गया है। दिउड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास के बाद से ही उनकी अनदेखी की जा रही है।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस : पूर्व प्रिंसिपल के छह ठिकानों पर रेड

- संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को इडी ने हिरासत में लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के छह ठिकानों पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छापा मारा। अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों पर इडी ने मनी लांड्रिंग को लेकर यह कार्रवाई की। इससे पहले सीबीआइ इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में घोष को गिरफ्तार कर चुकी है।

इडी ने सुबह घोष के बेलियाघाटा स्थित घर और उनके करीबियों के हावड़ा और सुभाषग्राम स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की। सात घंटे की कार्रवाई के बाद इडी ने संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को सुभाषग्राम के डे पारा इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया। चटर्जी को आरजी कर के सेमिनार हॉल से वायरल हुए वीडियो में भी देखा गया था।

उधर, घोष को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका मिला। घोष ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी का मामला सीबीआइ को सौंपने के कलकत्ता हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआइ को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। सीबीआइ ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी।

इस बीच 5 सितंबर को सीबीआइ की जांच में सामने आया है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में ही मिला था।

# गहराई से पड़ताल करने की जरूरत


झारखंड में एक्साइज कॉन्स्टेबलों की भर्ती के लिए फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई 12 युवकों की मौत न सिर्फ दुखद बल्कि चिंताजनक भी है। भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी है, लेकिन यह काफी नहीं। इस गंभीर घटना के पीछे काम कर रहे सभी संभावित वजहों की गहराई से पड़ताल करने की जरूरत है। फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई इन मौतों ने पूरे देश को हैरान कर दिया। हालांकि इस तरह की भर्तियों में फिटनेस टेस्ट के दौरान प्रतिभागियों के बेहोश होने या इक्का-दुक्का मामलों में मौत की भी खबरें आती रही हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर पहली बार ऐसी घटना हुई है। मृतकों की संख्या तो ज्यादा है ही, अलग-अलग केंद्रों पर करीब 400 प्रतिभागी बेहोश हो गये। ये सभी 25 साल के आसपास के युवा हैं। किसी भी रूप में इसे सामान्य घटना के तौर पर नहीं देखा जा सकता। इसकी संभावित वजहों को लेकर विशेषज्ञों की कोई एक राय सामने नहीं आ रही, लेकिन धूप, मौसम, तनाव, पहले से किसी तरह की बीमारी आदि जितने भी संभावित कारण बताये जा रहे हैं, उनमें कोई नयी बात नहीं है। ऐसी तमाम भर्तियों में कमोबेश उन सभी वजहों की भूमिका होती ही है। लेकिन हर बार इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की तबीयत नहीं बिगड़ती। जाहिर है, इस नजरिये से पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। कोविड महामारी के रूप में एक नयी वजह इस बार जरूर मौजूद है, जिस पर चर्चा भी हो रही है। इस बीच हमारे आसपास पूरी तरह स्वस्थ दिखने वाले यंग लोगों की अचानक मौत की घटनाएं भी इस संदेह को बढ़ाती हैं कि कोविड ने हममें से ज्यादातर के शरीर को अंदर से कुछ इस तरह कमजोर कर दिया है कि हम उससे पहले जैसी ऊर्जा की उम्मीद नहीं कर सकते। मगर इस तरह के निष्कर्ष संदेहों और अनुमानों के आधार पर नहीं निकाले जा सकते। झारखंड सरकार ने इस मामले में समीक्षा और पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। फिजिकल टेस्ट के मानकों में बदलाव पर भी विचार किया जा रहा है। ध्यान रहे, आसपास के राज्यों में भी पुलिस, अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट के मानक अलग-अलग हैं, लेकिन मौजूदा हालात में इस मसले को राष्ट्रीय संदर्भ में देखने की जरूरत है। अगर कोविड से इसका कोई संबंध हुआ, तो जाहिर है उसके निहितार्थ भी पूरे देश में होंगे। ऐसे में जरूरी है कि अन्य किसी राज्य में इस तरह की घटना की आशंका न बचे, इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए।

**तमाम भर्तियों में कमोबेश उन सभी वजहों की भूमिका होती ही है। लेकिन हर बार इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की तबीयत नहीं बिगड़ती। जाहिर है, इस नजरिये से पूरे मामले की जांच करनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गणपति की पूजा किसी भी पूजा का पहला चरण होता है। ऐसा माना जाता है कि गणपति, जिन्हें भगवान गणेश के नाम से भी जाना जाता है, बाधाओं को दूर करने वाले हैं। यह पूजा करने के लिए भक्त मिट्टी से गणपति की एक मूर्ति बनाते हैं। फिर वह श्रद्धापूर्वक कहता है, गणपति का प्राण मेरा प्राण है, उनकी आत्मा मेरी आत्मा है। यद्यपि आप हमेशा मुझमें निवास करते हैं, कुछ क्षणों के लिए इस मूर्ति में आकर निवास करें, क्योंकि मैं आपके साथ खेलना चाहता हूं।**

# बाधाओं से मुक्ति प्रदान करते हैं गणपति



श्रीश्री रवि शंकर

भारत में किसी भी धार्मिक समारोह की शुरुआत में गणपति की पूजा की जाती है। गणपति पूजा आपके भीतर गणेश तत्व को जागृत करने के लिए और आपको तमोगुण से सत्वगुण की ओर ले जाने के लिए की जाती है। गणपति की पूजा किसी भी पूजा का पहला चरण होता है। ऐसा माना जाता है कि गणपति, जिन्हें भगवान गणेश के नाम से भी जाना जाता है, बाधाओं को दूर करने वाले हैं। यह पूजा करने के लिए भक्त मिट्टी से गणपति की एक मूर्ति बनाते हैं। फिर वह श्रद्धापूर्वक कहता है, गणपति का प्राण मेरा प्राण है, उनकी आत्मा मेरी आत्मा है। यद्यपि आप हमेशा मुझमें निवास करते हैं, कुछ क्षणों के लिए इस मूर्ति में आकर निवास करें, क्योंकि मैं आपके साथ खेलना चाहता हूं। आपने मेरे लिए जो कुछ किया है, मैं भी आपके लिए वही करना चाहता हूं। आपने मुझे जल दिया है और मैं इसे आपको वापस समर्पित करना चाहता हूं। आपने मुझे फल दिये हैं और मैं वही आपको अर्पित करना चाहता हूं। आपने मुझे फूल दिये हैं और मैं उन फूलों को आपको वापस समर्पित करना चाहता हूं। आप प्रतिदिन सूर्य और चंद्रमा के साथ मेरी आरती करते हैं, इसलिए मैं कपूर के साथ आपकी आरती करके आपके ऋण से मुक्त होना चाहता हूं।

इस प्रकार एक भक्त भगवान गणपति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता है। और फिर पूजा समाप्त होने के बाद वह कहता है, हे प्रभु, अब आप मेरे हृदय में लौट सकते हैं। जिस तरह आप त्योहारों के दौरान तिजोरी से अपने कीमती गहने निकालते हैं, उसी तरह आपके भीतर भी अमूल्य ज्ञान, अमूल्य चेतना छिपी हुई है, जो आपके आनंद का स्त्रोत है। गणेश पूजा आपके जीवन में आनंद और खुशी जगाने का एक बहाना है।

**खुशी से उत्सव मनायें और बिना किसी शिकायत और द्वेष के, संतोष की भावना के साथ भगवान की पूजा करें।**



**पूजा आखिर एक खेल है! अगर आप ध्यान से देखें, तो पूजा भावनाओं को व्यक्त करने की एक कला है। कई बार जब भक्त कुछ मांगता है, तो वह मांग उसकी भक्ति से भी बड़ी हो जाती है। जब वह ऐसा नहीं करता, तो भक्त या तो सिर्फ. भगवान को चाहता है या फिर भगवान के साथ खेलना चाहता है।**

कोई सच्चिदानंद ब्रह्म के जितना निकट जाता है, उसके जीवन में उतना ही आनंद, उल्लास और मस्ती बढ़ती है। जब जीवन में सब कुछ सही हो, तो मुस्कुराते रहना आसान होता है। यदि आप भक्त हों तो चाहे सब-कुछ उलट-पुलट हो, अशांत हो और अस्त-व्यस्त हो तब भी आपको अपनी मुस्कान बनाए रखनी चाहिए। उस समय आपको भगवान गणेश की शरण में जाने की आवश्यकता है। जब बाधाएँ खत्म हो जाएँ तब भी आपको भगवान को नहीं भूलना चाहिए। आप नहीं जानते कि बाधाएं फिर कब आ जायें! इसलिए भगवान गणेश की शरण कभी न छोड़ें।

खुशी से उत्सव मनायें और बिना किसी शिकायत और द्वेष के, संतोष की भावना के साथ भगवान की पूजा करें। जब आप शिकायतों के साथ पूजा करते हैं, तो आप किसी ऐसी चीज को पकड़ रहे होते हैं जो आपको बहुत दुखी कर रही है। बस ईश्वर को पकड़ें और दुनिया आपका अनुसरण करेगी। जब आप भगवान को पकड़ते हैं, तो बहुत आनंद आता है। जो लोग संतोष की भावना के साथ भगवान की पूजा करते हैं, उन्हें भगवान का आशीर्वाद मिलता है। हर कोई गाता है, दुःख बिसरे मन का लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इसका क्या अर्थ है। इसका मतलब बस इतना है कि हमें संतुष्ट मन से पूजा और प्रार्थना करनी चाहिए और शिकायतों और दुखों से रहित होना चाहिए। अगर आप इस भावना के साथ पूजा करते हैं कि भगवान आपके समीप हैं, तो कोई दुःख नहीं होगा।

अगर आपको लगता है, वे जो सभी के स्वामी हैं वे मेरे साथ हैं; मेरे भीतर है, मेरे चारों ओर है; मैं उससे दूर कैसे हो सकता हूं? अगर भगवान आपके साथ हैं, तो बाकी सब समय के साथ मिल जायेगा। यह विश्वास सभी दुखों को दूर रखेगा और चिंताओं को आपके पास नहीं आने देगा। हमें ऐसी अटूट आस्था के साथ गणेश जी की पूजा करनी चाहिए।

चूंकि हर किसी के लिए इसे समझना मुश्किल था, इसलिए ऋषियों ने कहानियाँ रचीं और अन्य तरीके निकाले गए ताकि हर स्तर के लोग इसे आसानी से समझ सकें। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि हर कोई भगवान की पूजा करके कुछ न कुछ लाभ उठा सके। ऐसी ही एक तकनीक है गणेशजी की मिट्टी की मूर्ति बनाना और फिर उसे प्राण प्रतिष्ठा कर प्रतिष्ठित करना। इसका मतलब है कि हमारे प्राण में बसे गणपति को कुछ समय के लिए इस मूर्ति में आकर रहने के लिए कहा जाता है, ताकि थोड़ी देर के लिए हम उनकी पूजा के बहाने उनके साथ खेल सकें।

पूजा आखिर एक खेल है! अगर आप ध्यान से देखें, तो पूजा भावनाओं को व्यक्त करने की एक कला है। कई बार जब भक्त कुछ मांगता है, तो वह मांग उसकी भक्ति से भी बड़ी हो जाती है। जब वह ऐसा नहीं करता, तो भक्त या तो सिर्फ. भगवान को चाहता है या फिर भगवान के साथ खेलना चाहता है। ऐसा करने के लिए भक्त अपने भीतर मौजूद निराकार, शाश्वत ऊर्जा को कुछ समय के लिए किसी मूर्ति में रहने के लिए पुकारता है, ताकि वह कुछ समय के लिए भगवान की भूमिका निभा सके। यही गणेश की पूजा है। पूजा के बाद भक्त कहता है, हे प्रभु! अब मेरे हृदय में लौट आ, जहां से तुम निकले थे। इसे विसर्जन कहते हैं। विसर्जन का अर्थ है 'विशेष रूप से सृजन'। इसे विशेष तरीके से जीवंत करना विसर्जन कहलाता है। भगवान केवल मूर्ति में नहीं बल्कि सर्वव्यापी हैं। इस ज्ञान के प्रति सजग होते हुए, पूजा के बाद मिट्टी से बनी मूर्ति को पानी में विसर्जित किया जाता है। कुछ क्षणों के लिए मूर्ति के माध्यम से हम सर्वव्यापी ईश्वर को प्राप्त करते हैं। गणेश पूजा जीवन में उत्सव और आनंद का स्वागत करने का एक तरीका है। ऐसे त्योहार जीवन में खुशी और उत्साह लाते हैं। ऋषि नारद ने कहा, पूजा दिशो अनुराग इति पाराशर्या। ऋषि पाराशर के अनुसार, नारद भक्ति सूत्र में उल्लेख किया गया है कि पूजा में प्रेम भक्ति का प्रतीक है। इसलिए व्यक्ति को भय या लालच से नहीं बल्कि प्रेम और भक्ति के साथ पूजा करनी चाहिए।

## देश-विदेश की खबरें

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल उत्सव 2024 का आयोजन



**मंत्रालय के 200 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने जोश-उत्साह के साथ भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 समारोह के अनुसरण में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 27 से 30 अगस्त तक मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नयी दिल्ली में खेल उत्सव 2024 का आयोजन किया। अपने पहले संस्करण में मंत्रालय ने चार खेलों अर्थात क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन और टेबल टेनिस में टूर्नामेंट आयोजित किये। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मंत्रालय के 200 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण जोश और उत्साह के साथ इसमें शामिल हुए। मंत्रालय का लक्ष्य खेल उत्सव के आगामी संस्करणों में और अधिक खेलों को शामिल करना है।


मेजर ध्यानचंद ट्रॉफी का वितरण समारोह 4 सितंबर 2024 को नयी दिल्ली स्थित शास्त्री भवन के पत्र सूचना कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। ट्रॉफी वितरण समारोह के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'देखो अपना देश, पीपुल्स च्वाइस 2024' पहल के लिए मतदान 15 सितंबर तक

**सर्वाधिक पसंदीदा पर्यटक स्थलों की पहचान करने और उन्हें मिशन मोड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने में मदद की पहल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय ने 'भारत की जनता' की नब्ज को समझने के लिए पहली बार राष्ट्रव्यापी आइपी (बौद्धिक संपदा) 'देखो अपना देश, पीपुल्स च्वाइस 2024' पहल विकसित की है। इस पहल की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 7 मार्च को श्रीनगर में की थी। इसके लिए 15 सितंबर तक मतदान किये जा सकते हैं। इस राष्ट्रव्यापी मतदान का उद्देश्य नागरिकों के साथ जुड़ कर सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों की पहचान करना और 5 पर्यटन श्रेणियों - आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं विरासत, प्रकृति एवं वन्य जीवन, साहसिक और अन्य को लेकर पर्यटकों की धारणाओं को समझना है। चार मुख्य पर्यटन श्रेणियों के अलावा 'अन्य' श्रेणी



वह है, जहां कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत पसंदीदा स्थल के लिए वोट कर सकता है और जीवंत सीमावर्ती गांव, वेलनेस टूरिज्म, वेडिंग टूरिज्म आदि जैसे अनदेखे पर्यटन स्थलों के रूप में अब तक छिपे हुए अहम पर्यटन स्थलों को उजागर करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल https://innovateindia.mygov.in/dekho-apna-desh/ है, जिसमें उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर या ईमेल आइडी के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों (आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं विरासत, प्रकृति एवं वन्यजीव साहसिक, अन्य (खुली श्रेणी) में वोट कर सकते हैं। इस वोटिंग के परिणामों से भारत के शीर्ष पर्यटक स्थलों को निर्धारित करने में मदद मिलेगी, जिन्हें प्रमुख हितधारकों से पर्याप्त समर्थन और निवेश प्राप्त होगा।

इस पहल के माध्यम से मंत्रालय सांस्कृतिक स्थलों और परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देना चाहता है, ताकि आनेवाली पीढ़ियों के लिए लंबे समय तक उनका अस्तित्व सुनिश्चित हो सके। इससे मंत्रालय को कम ज्ञात पर्यटन स्थलों को समझने में भी मदद मिलेगी, जिन्हें लोग अब तक लोकप्रिय रहे पर्यटक स्थलों के अलावा भी देखना पसंद करेंगे।

इस पहल के शुभारंभ के साथ पर्यटन मंत्रालय विकसित भारत@2047 की दिशा में भारत की विकास यात्रा में मदद कर रहा है और 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के माध्यम से, अल्प एवं मध्यम अवधि में, मिशन मोड में विकास के लिए आकर्षक पर्यटन स्थलों की पहचान कर रहा है।

# शिवराज सिंह ने तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान दो दिवसीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दौरे पर हैं। श्री चौहान ने शुक्रवार को पहले आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित गन्नवरम विधानसभा क्षेत्र के केसारपल्ली का दौरा कर किसानों से बातचीत की। वहीं, तेलंगाना के मीनावलु, पेड्दागोपावरम, मन्नूनुर, कट्टलेरू बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की फसल क्षति का हवाई सर्वेक्षण किया और खम्मम व मुननेरु बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने खम्मम में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि हम तात्कालिक सहायता देने का काम कर रहे हैं। किसी को भी निराश होने की जरूरत नहीं है, हम मिलकर काम करेंगे और केंद्र सरकार जनता को इस संकट से बाहर निकालेगी। राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार खड़ी है और हम किसानों को हर संकट के पार निकाल कर ले जायेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के खम्मम जिले में किसानों से उनके नुकसान के संबंध में चर्चा की। इस दौरान एक किसान बाढ़ में अपनी फसल नुकसान के बारे में बता रहा था, तभी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उसे अपने पास बुलाया और गले लगाया, आंसू पौछें और हिम्मत देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे भेजा है वो आपका दुख समझते हैं, फसल खोई है, जिंदगी नहीं खोने देंगे। किसान परिवार से हूं, अपने किसान भाई का दुख महसूस कर सकता हूं, लेकिन ये दुख, ये आंसू नहीं रहेंगे, उचित मुआवजा मिलेगा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सबसे पहले फसल क्षति का आंकलन कर जल्द ही उचित मुआवजा दिलायेंगे। बैंकों से कहेंगे कि संकट के समय किसानों से ऋण वसूली न करें। अगली फसल के लिए खाद बीज की कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि संकट अभूतपूर्व है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवेदनशील हैं, हम राज्य सरकार के साथ मिलकर किसानों का जीवन सामान्य करेंगे।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ के हालातों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत ही संवेदनशील हैं और राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान हुआ है, लेकिन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी सक्षमता और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और केंद्र सरकार उन्हें भरपूर सहयोग करेगी।

# फाइटर प्लेन तेजस ने हवा में दिखाये करतब, अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया के एयरक्राफ्ट भी गरजे

**राइफल के साथ म्यूजिक परफॉर्मेंस देगी एयर वॉरियर ड्रिल टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना का सबसे बड़ा अभ्यास 'तरंग-शक्ति' जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर चल रहा है। एक्सरसाइज के 8वें दिन शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। आसमान में छाए काले बादल के कारण रिहर्सल अपने शेड्यूल टाइम से आधा घंटा देरी से शुरू हुई।

मौसम साफ होने पर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस के एयरक्राफ्ट के साथ ही भारत के तेजस, सुखोई-30 और जगुआर ने उड़ान भरी। जोधपुर के डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने विमानों को अपने मोबाइल में कैद किया। सूर्यकिरण के हॉक्स विमान भी उड़ने थे, लेकिन बादलों के कारण उड़ान नहीं हुई। सात सितंबर को ओपन डे रखा गया है। इस दिन वायुसेना की इवेंट टीम एयर वॉरियर ड्रिल टीम हाथ में राइफल लेकर म्यूजिक पर परफॉर्मेंस देगी।



**भारतीय हेलिकॉप्टर प्रचंड और ध्रुव भी आए नजर :** एक्सरसाइज में शुक्रवार को फुल डे रिहर्सल के दौरान अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस के एयरक्राफ्ट के साथ ही भारत के तेजस, सुखोई-30 और जगुआर ने उड़ान भरी। विदेशी विमानों को देखकर लोग काफी रोमांचित हुए। इसके अलावा स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड और ध्रुव ने कलाबाजी दिखाई। वहीं लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस ने भी हवा में रोटेट होकर अलग-अलग फॉर्मेशन में कलाबाजियां दिखाकर रोमांचित किया। तेजस करीब 10 मिनट तक आसमान में रहा।

जोधपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट डिफेंस एयरबेस का ही हिस्सा है। ऐसे में एयरपोर्ट पर आए यात्रियों ने लड़ाकू विमानों के करतब का नजारा देखा। दोपहर 2 बज कर 30 मिनट पर सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के लाल रंग के हॉक्स विमानों ने उड़ान भरी और धुएं से तिरंगा बनाया तो हर कोई रोमांचित हो उठा और यात्रियों ने इसके फोटो-वीडियो लिये।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
07

# गढ़वा खेल के क्षेत्र में भी नंबर वन बनेगा : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाए जाने पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ ने मंत्री को सम्मानित किया। नीलांबर पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में संघ का पदाधिकारियों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए बधाई दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा वासियों के प्यार एवं आशीर्वाद से ही वे विधायक एवं मंत्री बने हैं। जिस उम्मीद से गढ़वा के लोगों ने उन्हें सेवा का मौका दिया है, उस पर वे पूरी तरह से खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ अब खेल के क्षेत्र में भी काफी बेहतर कार्य होगा। इसमें सभी खेल संघों का पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं आम लोगों से अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें बस उचित प्रोत्साहन एवं सुविधा की जरूरत है। जिसे वे पूरा करने को तैयार हैं।

गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को राज्य का पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाया जाना गढ़वा जिला के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

संरक्षक अमृत शुक्ला ने कहा कि श्री ठाकुर का मंत्री बनाना गढ़वा के लिए गर्व का विषय है। इनके मंत्री रहते गढ़वा में खेल का जो इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ इसकी गढ़वा को बहुत जरूरत थी। संरक्षक अनिता दत्त, राकेश पाल, रेखा चौबे ने भी विचार करते हुए मंत्री के कार्यों की सराहना की। गढ़वा जिला ओलंपिक संघ की ओर से मंत्री को एक सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार ने किया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, खेल पदाधिकारी नीरज कुमार, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, रवि कुमार सहित जिले के फिजिकल टीचर, विभिन्न खेल संघ के खिलाड़ी और डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी उपस्थित थे।



## मंत्री ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शिक्षक दिवस के मौके पर नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन एवं पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर, बुके एवं सूटकेस देकर सम्मानित किया। साथ ही अपने गुरूजनों का पैर छुकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात मंत्री ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

# बैट्री चोरी करने के आरोप में चार नाबालिग सहित छह धराये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पल्स टू उच्च विद्यालय मे लगातार दो दिन मे छह बैटरी चौरी हुई थी। जिसमे प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पाल के द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया था। इसी आलोक मे गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रंका अनुमंडल एस डीपीओ ने रोहित रंजन सिंह रंका व भंडरिया थाना प्रभारी आशीष कुमार जायसवाल ने एक टीम गठित कर प्लस टू उच्च विद्यालय के बैटरी चोरी का तीव्र कार्रवाई करते हुए चार नाबालिक सहित छह चोरो को गिरफ्तार किया गया। जिसमे भंडरिया थाना निवासी तेलेस्फोर टोपो 29 वर्ष, दूसरा इसी के निशानदेही पर छापेमारी अभियान मे रंका थाना निवासी जहूद अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता इश्क अंसारी, जाहुद अंसारी के यहां छपामारी की गयी। जहां सभी छह बैटरी सहित एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया। चोरी के सभी छह आरोपियों को गढ़वा न्यायालय भेज दिया गया है।

## जस्टिस के जाम में फंसने के मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने डीजीपी से मांगा एसओपी

**जस्टिस के जाम में फंसने के मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने डीजीपी से मांगा एसओपी :** रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन हाइकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने के मामले में डीजीपी को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)

**अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग**

ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–08/2024–25, दिनांक :–06.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | जोन्हा–पुरबडीह पथ के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 30.960 तक (कुल लम्बाई–30.960 कि०मी०) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू० लाख में) | रु० 1865.93700 लाख । |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) | रु० 19.00 (उन्नीस) लाख मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 (छः) माह। |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.09.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 18.09.2024 12:00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर Login कर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)

PR 335061 Road (24-25)_D


# झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य गढ़वा पहुंचे

## खोनहरनाथ मंदिर के वर्तमान और पूर्व ट्रस्ट के दलीलों को सुना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी शुक्रवार को गढ़वा पहुंचे। उन्होंने सदर प्रखंड के गिजना गांव स्थित खोनहरनाथ मंदिर परिसर में पूर्व व वर्तमान ट्रस्ट के लोगों के साथ बैठक किया। वहीं आसपास के गांव के ग्रामीण भी मौजूद थे। बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने कहा कि बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक के निर्देष पर वे यहां पहुंचे हैं। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दो वर्ष पूर्व बोर्ड में पूर्व से गठित ट्रस्ट का निबंधन रद्द करने के लिए बोर्ड में आवेदन दिया है। बैठक में दोनों पक्षों के लोगों के अपनी-अपनी बातों को सदस्य के समक्ष रखा। जिसमे पहला पक्ष के लोगों ने कहा कि मंदिर परिसर गिजना गांव के लोगों की 24 एकड़ भूमि पर स्थित है। साथ ही वर्षों से गिजना गांव के लोग ही मंदिर की देखरेख व संचालन करते आ रहे हैं।



पूर्व बोर्ड में पूर्व से गठित टस्ट जिसमे पहला पक्ष के लोगों ने कहा कि मंदिर परिसर गिजना गांव के लोगों की 24 एकड़ भूमि पर स्थित है। साथ ही वर्षों से गिजना गांव के लोग ही मंदिर की देखरेख व संचालन करते आ रहे हैं। वहीं दूसरा पक्ष के लोगों ने कहा कि मंदिर किसी एक गांव व व्यक्ति द्वारा संचालित नहीं होना चाहिए। इसमें आसपास के सभी गांव के लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। बोर्ड के सदस्य ने कहा दोनों पक्षों की बातों को बोर्ड के अध्यक्ष के समक्ष रखा जायेगा। जिस पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मनोज तिवारी, शिध्धेश्वर उपाध्याय, पुलस्त तिवारी, संजय तिवारी, दिलीप तिवारी, अरूण दुबे आदि मौजूद थे।

## वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वनांचल कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। फार्मेसी के छात्रों ने लेबोरेटरी नैनी प्रयागराज उत्तरप्रदेश में दवाइयों के बनाने की विधि, रख रखाव और क्वालिटी कण्ट्रोल से संबधित विभाग की जानकारी प्राप्त की। साथ ही प्रयागराज में छात्रों को सोशल भ्रमण और हर्बल गार्डन का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य फार्मेसी के छात्रों को औधोगिक क्षेत्र से सम्बंधित जानकारी देना, सोशल मैनेजमेंट करना और दवाइयों के लिए उपयोगी पौधों को पहचानने की जानकारी दी गयी। यह भ्रमण डॉ मनीष दुबे, प्राचार्य, राहुल कुमार, नेहा दुबे और हिमांशु कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

## पूजा के दिन पत्नी के साथ की मारपीट



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुका टोला में शुक्रवार को एक पति ने हरितालिका पूजा के दिन जो पत्नियां अपने पति के लंबी आयु के लिया उपवास और पूजा कर रही है।वहीं पर्व के दिन अपने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। यही नहीं जबरन पत्नी को सिरिंज से कोई दवा भी दिया गया। इस मामले की लेकर महिला ने भवनाथपुर थाना में मौखिक शिकायत किया। जहां से पुलिस ने इलाज के लिए महिला को भवनाथपुर सीएचसी में इलाज के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुका निवासी ब्लॉक के पीछे रहने वाले शिव कुमार रावत अपने लड़की चंदा कुमारी का चार माह पूर्व बरडीहा के चटानिया में छोटू यादव पिता प्रभु यादव के घर किया था। कुछ दिनों से पति पत्नी में विवाद चल रहा था।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(विधि शाखा)

**-: जिला आदेश :-**

- ऐसा देखा गया है कि चतरा जिला के शहरी क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले 1. बैंक 2. ATM 3 ज्वेलरी दूकानों 4. पेट्रोल पम्प 5. होटल 6. रेस्टोरेंट 7. सिनेमा हॉल 8. शराब की दूकानों 9. मल्टी स्टोरी फ्लैट 10. बस स्टैंड 11. ऑटो स्टैंड 12. Paid Parking 13. Private संचालित Hostel 14. Halls 15. दवा दुकान पर पर्याप्त संख्या में CCTV Camera उपलब्ध नहीं है।
- ऐसा देखा गया है कि CCTV Camera के अभाव में कुछ स्थानों पर अपराधियों एवं असमाजिक तत्वों के द्वारा अपराध करने की संभावना बनी रहती है, जिसमें जान–माल की क्षति होती है।
- ऐसा देखा गया है कि इन क्षेत्रों में CCTV Camera के अभाव में आम जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न नहीं हो पाती है।
- ऐसा प्रतीत होता है कि यदि इन अंकित स्थानों पर CCTV Camera लगाए जाते हैं तो आम जनता में आत्म विश्वास आएगा एवं अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगे।
- ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र के जान–माल की सुरक्षा हेतु आवश्यक ऐसा कुछ त्वरित स्टेप लिए जाए।

अतः BNSS की धारा 163 (CrPC की धारा 144) अन्तर्गत अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न आदेश निर्गत किया जाता है:–

- अंकित स्थान 1. बैंक 2. ATM 3 ज्वेलरी दूकानों 4. पेट्रोल पम्प 5. होटल 6. रेस्टोरेंट 7. सिनेमा हॉल 8. शराब की दूकानों 9. मल्टी स्टोरी फ्लैट 10. बस स्टैंड 11. ऑटो स्टैंड 12. Paid Parking 13. Private संचालित Hostel 14. Halls 15. दवा दुकान पर पर्याप्त संख्या में CCTV Camera पर्याप्त संख्या में लगाए जाऐंगे। इन कैमरों में या तो रिकाडिंग सिस्टम होगा या फिर कैमरे की लाइव फीड को Cloud पर भेजने की व्यवस्था होगी। ये कैमरे अंकित स्थानों के भीतर एवं बाहर लगाए जाएगें।
- कैमरे की संख्या इतनी होनी चाहिए कि उक्त प्रतिष्ठान के आस–पास पड़ने वाले पब्लिक एरिया (आम जगह) जहाँ पर आम जनता के आवागमन का संभावना हो, को कवर किया जा सके एवं उनके कैमरे के माध्यम से उक्त एरिया पर नजर रखी जा सके।
- कैमरे लगाते समय इस बिन्दु पर विशेष ध्यान किया जाए कि किसी की निजता भंग न हो। विशेषकर जिस क्षेत्र में महिला, बच्चे इत्यादि रहते हों, या प्रयोग करते हों, उस क्षेत्र का कवरेज न हो।
- प्रत्येक ऐसे संस्थान/प्रतिष्ठान के प्रभारी की जिम्मवारी होगी की वे सुनिश्चित करें कि वे CCTV Camera सही ढंग से कार्य करें।
- यदि इन CCTV Camera में रिकॉर्डिंग सिस्टम है तो रिकॉर्डिंग को कम से कम 15 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। यदि रिकॉर्डिंग Cloud पर भेजी जा रही है तो भी सुनिश्चित किया जाएगा कि 15 दिन तक उसे सुरक्षित रखा जाए।
- प्रतिष्ठानों की जवाबदेही होगी कि यदि उक्त क्षेत्र के स्थानीय पुलिस (थाना प्रभारी) के द्वारा लिखित रूप में किसी अवधि की कैमरे की रिकॉर्डिंग/फीड मांगी जाती है तो वह उसे अविलम्ब उपलब्ध कराएगा।
- यह आदेश दिनांक–05.09.2024 से दिनांक 03.11.2024 (कुल अवधि 60 दिन) के लिए लागू होगी। अगर इसे, उससे वापस न ले लिया जाए।

सभी को सूचित किया जाता है कि उपर अंकित BNSS की धारा 163 (CrPC की धारा 144) के आदेश के उल्लंघन BNS की धारा 223 (IPC की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय है)।

चूँकि इस नोटिस को प्रत्येक प्रतिवादी को व्यक्तिगत रूप से देना संभव नहीं है। अतः इस आदेश को Ex Party (एक तरफा) पारित किया जा रहा है। आदेश दिया जाता है कि इस आदेश को अखबार/सोशल मिडिया/नोटिस बोर्ड एवं अन्य माध्यम से आम जनता को सूचना हेतु उपलब्ध कराया जाय।

उपायुक्त,
चतरा

PR 335021 District(24-25).D


## गढ़वा-रंका विस में परिवर्तन की लहर : अलखनाथ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने मेराल थाना क्षेत्र के बंका बाजार में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान अलखनाथ पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार में आम जनता भ्रष्टाचार लूटपाट से त्रस्त है। बेरोजगारी चरम पर है। जनता का विश्वास झामुमो सरकार से उठ चुका है। क्योंकि वर्तमान सरकार अपने अनगिनत किए हुए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं कर पायी है। सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा सहित पूरे झारखंड की जनता इस बार परिवर्तन करने के लिए पूरा मन बना चुकी है। इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनने जा रही है। मौके पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, गढ़वा जिला मंत्री महेंद्र सिंह, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, मंटू गुप्ता, रोशन दुबे सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# डंडई में मनमाने दाम पर बेची जा रही यूरिया

जितेन्द्र यादव

**डंडई।** डंडई प्रखंड के कई पैक्सों और पंजीकृत व अपंजीकृत खाद बीज दुकानों पर महंगे मनमाने दरों पर बेरोक टेक के यूरिया व डीएपी खाद का बिक्री धड़ले से किया जा रहा है। जिससे प्रखंड के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भुगतना पड़ रहा है। प्रखंड के लवाही कलां पैक्स, सोनेहरा पैक्स सहित अन्य गांव के पैक्स दुकानों पर यूरिया खाद 450 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से मनमाने दर पर बेचा जा रहा है। साथ ही डंडई के पंजीकृत दुकान जनता बीज भंडार प्रोपराइटर मिथलेश कुशवाहा तथा पचोर गांव के पंजीकृत दुकानदार अमर साव के द्वारा यूरिया खाद 500 प्रति बोरी के हिसाब से बचा जा रहा है। वहीं लवाही गांव के विक्रेता गणेश साव तथा जरही के विक्रेता उदय चौधरी के द्वारा भी बिना रजिस्ट्रेशन के बीज दुकान चलाया जा रहा है और किसानों को 500 प्रति बोरी यूरिया खाद दे रहे हैं।



समस्या को लेकर प्रखंड के किसान कमलेश साव नागेश्वर राम शिव कुमार साव प्रेम यादव, अत्येन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, मुकेश यादव सहित अन्य ने बताया कि सरकार की ओर से यूरिया खाद का दर 266 रुपए प्रति बोरी निर्धारित की गयी है परंतु 450 रुपए से लेकर 500 प्रति बोरी के हिसाब से यूरिया खाद धड़ले से बेचा जा रहा है।

**जॉयम की बाल्टी लेने पर ही दे रहे यूरिया :** किसानों ने बताया कि दुकानदारों द्वारा किसानों को यूरिया खाद के साथ जॉयम की बाल्टी जबरन दे रहे हैं। ऐसे में किसानों को अनुपयोगी जायम की बाल्टी लेने पर 450 से 500 रुपए तक में यूरिया खाद दिया जा रहा है। किसानों का कहना हैं कि जॉयम फसल को घना करने के लिए उपयोगी बताया जा रहा है, जबकि यूरिया खाद डालने से ही फसल स्वत घना हो जाती है। किसानों का कहना है कि जॉयम की थैली अथवा बाल्टी नहीं लेने पर यूरिया खाद नहीं दिया जाता। ऐसे में किसानों को मजबूर होकर 450 से 500 रुपए में 2 किलो जॉयम की बाल्टी के साथ 45 किलो यरिया खाद का लेना पड़ रहा है।

**दुकानदारों के द्वारा महंगे दरों पर खाद बेचा जा रहा है तो जांच कर कार्रवाई होगी : डीएओ**

मामले में जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि किसी भी खाद दुकानों पर यूरिया खाद 266 रुपए के हिसाब से किसानों को देना है। यदि कोई भी दुकानदारों के द्वारा महंगे दरों पर खाद बेचा जा रहा है तो जांच कर उक्त दुकानदारों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## गुरुजनों की प्रेरणा से ही शिष्य के जीवन में सफलता मिलती है : किंजल राजपूत




गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरके नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज हूर मध्या में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल किंजल राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में शिक्षक का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जीवन के प्रथम गुरु माता–पिता के बाद हमें हमारे जीवन में जो हमसब प्रगति की ओर बढ़ते हैं उन्हें बढ़ाने वाले हमारे गुरु ही होते हैं। इसलिए गुरु का हमें हमेशा सम्मान करना चाहिए।उन्होंने कहा कि गुरु किस तरह से हमारे एक कोरे कागज रूपी जीवन को कैसे रंगों से भरता है अपने कलाओं से अपने अभ्यास से स्टूडेंट्स को प्रेरित करता है उसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रिंसिपल किंजल राजपूत और शिक्षक राकेश के साथ एएनएम की छात्राएं सोनाली, रिमजिम और बाकी कॉलेज के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा तीज व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में व्रत हरितालिका तीज शुक्रवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विधि विधान के साथ मनाया गया। हरितालिका तीज व्रत के पवित्र मौके पर सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीघार्यु सुख समृद्धि, उन्नति, प्रगति, और यश की कामना भगवान शिव से की। मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए किया था इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि विधान से किया जाता है। सुहागिनों ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में विधि विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा अर्चना कर पति के लिए लंबी उम्र की कामना की। सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए सुहागिनो पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज व्रत किया। पुरोहित द्वारा बताएं शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना की साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी उम्र होने की कामना की। तीज पूजन के दौरान सुहाग में महिलाओं में माता पार्वती पर सुहाग का सभी सामान चढ़ाया और और सुख समृद्धि एवं पति की दीघार्यु की प्रार्थना की।




## Govt. of Jharkhand
## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
**Notice Inviting Tender**

**E- Tender NoticeNo. : GNP-02/2024-25 3rd Call Dated: 06.09.2024**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S.No. | Name of the Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Burning Shed At Tilaiya River, Shamshan Ghat In Ward No 02/07 Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 02 | Construction of RCC Drain From Guddu Rangila Houses To Vinod Mahto Houses in Ward No. 03, Sonpurwa | 1714000.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 03 | Construction of RCC Drain From (1) Irfan Master Houses to Lalbabu Tayar Godam, From (2) Samsad House to Saktiyaj Khan Houses in Ward No. 03, Sonpurwa | 1819000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 04 | Construction of RCC Drain From (1) Ajay Prajapati Houses to Gautam Kumar Houses, From (2) Mobin Khan Houses to Jagdish Gond Houses in Ward No. 06, Sonpurwa | 1342000.00 | 26900.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 05 | Construction of RCC Drain From (1) Govind Saw Houses to Rajkumar Houses, (2) Uday Prasad Houses to Nand Kumar Gupta Houses, From (3) Pradeep Vishwakarma Houses to Umesh Vishwakarma Houses in Ward No 06, Sonpurwa | 1044000.00 | 20900.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 06 | Construction of RCC Drain From Bharat Ram Houses to Ganesh Keshri Houses vaya Arvind Bahelia Houses to Krishna Prasad Houses in Ward No. 07 | 969000.00 | 19400.00 | 5000.00 | 01 माह | 15वें वित्त |
| 07 | Construction of RCC Drain From Sudhir Pal Houses to Hridyanand Singh Houses vaya Kamlesh Pasi Houses to Vinod Pasi Houses in Ward No. 07 | 1963000.00 | 39300.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 08 | Construction of RCC Drain From Sugan Paswan Houses to Nasim Houses at Right Side of Road in Ward No. 08, Nagwan | 1476000.00 | 29600.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 09 | Construction of RCC Drain From R Dwiwedi to Ramasrif Dubey & Late Rambahadur Singh to Sanjay Ram & Rahul Bhawan to Sarswati River (Part B) in Ward No. 09, Dipuwan | 1059000.00 | 21200.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |
| 10 | Construction of RCC Drain From Houses of Kuldeep Narayan Singh to harijan School in Kamlapuri Muhalla in Ward No. 10. | 1744000.00 | 34900.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Office of Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-10.09.2024 Time 10:00 A.M | Date- 18.09.2024 Time 5:00 P.M. | Date 20.09.2024 Time 11:00 A.M |

**Note :**
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. Helpline Number of E-Procurement cell- 9431141644, 8409053313
5. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Sd/
EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR 335029 Urban Development(24-25)D

## भालू के हमले से एक ग्रामीण घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जंगली भालू के हमले में बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लात पंचायत के करमडीह के निवासी अमृत सिंह (48 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। शुक्रवार की अहले सुबह 3 बजे जंगल में भैंस चराने गया था। लगभग 7 बजे के आसपास हरकटवा जंगल के पास झाड़ी में छुपे तीन भालू ने अचानक हमला कर दिया। हल्ला सुन कर आसपास के कुछ ग्रामीण पहुंचे तो भालू भाग गया। अमृत सिंह के चेहरे, सर और हाथ में गहरे जख्म हो गये। स्थानीय ग्रामीण उसे घर ले आये। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग में सूचना देने पर केयर टेकर बीरू सिंह पहुंचे व बरवाडीह सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल अमृत सिंह की हालत गंभीर है। डॉ विवेकानंद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी अस्पताल पहुंचे और वन विभाग के रेंजर से फोन पर वार्ता की और पीड़ित को हरसंभव मदद करने को लेकर निर्देश दिया।

## रोजगार के लिए व्यवसाय आवश्यक : राधा तिर्की



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बूटी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभांरभ जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीस सूत्री क्रियाव्यनन समिति के प्रखंड उपाध्यक्ष राज किशोर राम, सीओ राकेश कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कई विभागों का स्टॉल लगाकर ग्रामीण जनता को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिये आवेदन प्राप्त किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य ने कहा कि रोजगार के लिये व्यवसाय आवश्यक है। जिसे जीवन समृद्ध होगा। साथ ही कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त व समृद्ध बनाने के लिये फूलो झानो आशीर्वाद योजना, मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष ऊपर की सभी महिलाओं को एक हजार दे रही है। जिसका लाभ उठायें। जो महिलाएं आवेदन प्रपत्र भर लिये हैं और उनका पैसा नहीं आया है। तो वे सभी लोग 12 तारीख के बाद आधार कार्ड के साथ प्रखंड कार्यालय में आ कर जांच करा लें। एक सप्ताह में सभी के खाते में राशी पहुंच जायेगा। रोजगार के लिये व्यक्ति गत योजना का आवेदन दें और साथ ही आम जनों का हित के लिए सामूहिक आवेदन भी दें। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार पंचायत सचिव गुहा उरांव, अंचल निरीक्षक मुद्दसर हुसैन,राजस्व कर्मचारी नित शिखा तिर्की सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी तथा ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

## पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हरितालिका तीज के पावन पर्व पर महिलाओं ने शुक्रवार को निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर अखण्ड सुहाग की मंगलकामना की। श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ मंदिर में जुटी रही। साथ ही देवाधिदेव भगवान शिव के मंदिरों में दर्शन-पूजन कर व्रती महिलाओं ने सुहाग के मंगल कामना के लिए भगवान से मिन्नतें मांगी और पुजारी से व्रत कथा का श्रवणकर आशीर्वाद लिया। भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष में जब चन्द्रमा कन्या राशि और हस्त नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो इस दिन को हरितालिका तीज कहते हैं। इस व्रत का यह महत्व है कि अगर कुंवारी कन्या इस व्रत को विधि विधान से पूजन करती है, तो उसे सुयोग्य वर मिलता है और अगर सुहागिनें इस व्रत को करती हैं, तो उनके पति को लम्बी उम्र की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए जंगल में जाकर घोर तपस्या की थी। इसपर भगवान भोलेनाथ ने वर दिया कि जो महिला इस व्रत को श्रद्धाभाव के साथ करेगी, उसका सुहाग दीर्घकाल तक जीवित रहेगा। इसी मान्यता को लेकर सभी महिलाएं पर्व पर निर्जला व्रत रहती हैं। महिलाओं ने नया परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार कर घर व मंदिरों में शिव-पार्वती की पूजन-अर्चन करते हुए पति के दीघार्यु के लिए भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के एनएच 75 अंतर्गत कोमो गांव के समीप बस और बाइक की दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों मे कर्मा अगेरिया और सुरेंद्र अगेरिया दोनों (हेसाला टोटो, बरवाडीह) के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर ब्राह्मणी, चंदवा से मेहमानी कर कर लौट रहे थे। इसी दौरान कोमो गांव के समीप एक यात्री बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल होगा। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के पश्चात कर्मा अगेरिया को रांची रेफर कर दिया। बताया जाता हैं कि दोनों शराब के नशे मे धुत थे, जिसके कारण यह घटना हुई। बस में सवार कुछ चश्मदीदों ने बताया की बाइक सवार काफी तेज गति से बाइक चला रहे थे और बस के पिछले हिस्से से टकरा गये और ये बाइक से नियंत्रिण खो दिया और अनियंत्रित होकर गिर गये, जिसके चलते यह घटना घटी।



## हाथियों के झुंड ने एक को कुचला, मौत



**कुडू /लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हाथियों के झुंड के बीच मे फंसे युवक को हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला। युवक की मौत के बाद परिवार मे मातम पसरा हुआ है। युवक तीन दिन पहले उतर प्रदेश के शामली से कुडू अपने ससुराल आया हुआ था तथा शनिवार को वापस पत्नी व बच्चों को लेकर उत्तर प्रदेश जाने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। युवक के हाथियों के झुंड के द्वारा कुचल कर मार डालने के बाद ग्रामीणों मे वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। कुडू प्रखंड में चार माह के भीतर हाथियों के झुंड के द्वारा दूसरा शिकार किया गया है।

# जेल कानूनी सहायता क्लिनिक सप्ताह में तीन दिन खुला रहता है : राजेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार मंडल कारा लोहरदगा में जेल बंदियों के लिए खोले गए विधिक सहायता क्लिनिक में 6 सितंबर 2024 को पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार डालसा सचिव राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।



बैठक में मंडल कारा जेलर सुबोध कुमार, मुख्य एलएडीसीएस नसीम अंसारी, एलएडीसीएस अधिवक्ता नारायण साहू, उमेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, इंद्राणी कुजूर, सुदामा साहू उपस्थित रहे। वहीं बैठक में बंदियों की समस्या और उसके निदान को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं डालसा सचिव ने बताया कि जेल कानूनी सहायता क्लिनिक के माध्यम से बंदियों की समस्याओं को सुनने और उस समस्या के समाधान करने का कार्य किया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि जेल कानूनी सहायता क्लिनिक सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक खुला रहता है। वहीं जेल पीएलवी संतोष कुमार और किशोरी उरांव द्वारा बंदियों की सहायता की जाती है। साथ ही एलएडीसीएस अधिवक्ता हमेशा बंदियों की सहायता के लिए तैयार रहते है।

# मजदूर ने बिचौलिया पर लगाया बैंक खाते से लेन-देन का आरोप

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार।** लातेहार के लगभग सभी प्रखंडों में मनरेगा मजदूरों के कार्य में बिचौलिया का पैनी नजर है और मजदूर पूरी तरह फंसे हुए हैं। यह बात चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत की रहने वाली मासोमात स्वर्गीय सुदर्शन मुंडा की पत्नी जसमुनि देवी का कहना है कि मैं मजदूर तो हूं पर मनरेगा में मैं कार्य नहीं करने जाती हूं मुझे गांव के ही एक बिचौलिया के द्वारा विधवा पेंशन के नाम पर हर महीना एक हजार रुपये कैश दिया जाता है। जबकि हमें पता ही नहीं कि हमारा किस बैंक में खाता है और खाता संख्या क्या है मुझे यह भी नहीं पता है कि हमारे अकाउंट में हर महीना पैसा कहां से और कितना आता है। जबकि मैं अपने पुत्री के कहने पर दूसरे अन्य केंद्र में जाकर अपनी आधार कार्ड से खाता का जांच करती हूं तो पता चलता है कि हमारा खाता में विधवा पेंशन के अलावा मनरेगा मजदूर के नाम पर पैसा सरकार के खाता से हमारे खाता में आता है जबकि मुझे मनरेगा के खाता के बारे में भी पता नहीं है सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे खाता में मनरेगा मजदूर के नाम पर पैसा आता है। परंतु मैं खुद मनरेगा के मजदूर का कार्य नहीं करती हूं मैं तो अपने बच्चों को पालने पौषण के लिए इधर-उधर मजदूरी का काम करती हूं मैं आज तक मनरेगा मजदूर के तौर पर कहीं काम नहीं किया है और हमारे खाता में अन्य व्यक्ति के द्वारा लेनदेन की जाती है। जसमुनि देवी ने बताया कि विधवा पेंशन निकासी के नाम पर गांव के ही रहने वाले मुरारी साहू नामक व्यक्ति के द्वारा हमसे हर महीने थेपा लगवाया जाता है।



## देवस्थल में गणपति उत्सव की तैयारी पूरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देवस्थल शांति नगर किस्को मोड़ में पिछले 10 वर्षो से पांच दिवसीय पूजा का आयोजन लगातार होता आ रहा है। पूजा कमिटी के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक और पूरे विधि विधान से पूजा का आयोजन किया जाता है। पांच दिनों तक चलने वाले पूजा कार्यक्रम में हर दिन शहर के श्रद्धालुओं के द्वारा दोपहर में भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। प्रतिदिन होने वाली संध्या महाआरती भी आकर्षण का केंद्र होती है। प्रतिदिन संध्या महाआरती में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ शहर के गणमान्य लोग सम्मिलित होकर गणपति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूजा कार्यक्रम नीतू कुमारी, चंदा कुमारी और कोमल कुमारी नारी शक्ति द्वारा संपादित किया जायेगा।

## जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना परिसर में शुक्रवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने प्रखंड के विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीणों से मिल उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए आपसी मनमुटाव को दूर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन ग्रामीणों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। कभी भी ग्रामीणों को कानून को हाथ में नहीं लेना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी जागरूकता का अभाव है। डायन-बिसाही और झाड़-फूंक के चक्कर में कई लोगों की जान चली जाती है। डायन-बिसाही सिर्फ अंधविश्वास है। हर अभिभावक का कर्तव्य है की अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजें। इससे अंधविश्वास दूर होने के साथ-साथ गांव का विकास होगा। अवर निरीक्षक पप्पू गुप्ता ने कहा कि गांव में किसी भी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना है। अन्य घटना में मौत हो जाती है, तो पोस्टमार्टम जरुर करायें। इससे सरकार द्वारा आपदा राहत कोष से मुआवजा राशि देने का भी प्रावधान है।

## भंडरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमगाई पंचायत में शुक्रवार को 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये, जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए अपना आवेदन जमा किये। शिविर में विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान कृषि विभाग की ओर से 5 किसानों नैनो यूरिया किट और नीम ऑयल कीट दिया गया। इसी बीच 6 बच्चों को पेंटिंग किट, 5 बच्चों साइकिल, 5 ग्रामीणों को धोती साड़ी, 5 बच्चों जाती प्रमाण पत्र और 5 ग्रामीण लाभुकों को अबूआ आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने अपने पंचायत में लगने वाले शिविर में आवेदन दे। मौके पर अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, जिला परिषद अभियंता सहित अंचल कर्मी, प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## पतियों की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की तीज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में विवाहित महिलाओं द्वारा निर्जला उपवास रख कर हर्षोल्लाश और धूमधाम से हरितालिका तीज व्रत किया गया। प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में विवाहित महिलाओं द्वारा अपने अपने पति का दीघार्यु जीवन के लिये हरतालिका तीज व्रत किया गया। पूजन के दौरान महिलाओं द्वारा भगवान शंकर व देवी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए मंदिर और देवालयों में बलुकामयी शिवलिंग बना कर सुहागिन महिलाओं द्वारा भगवान महादेव शंकर व माता पार्वती का एक साथ पुष्प, अक्षत, चंदन, बेलपत्र, पंचामृत से पूजन किया गया। साथ ही घरो में भी पुरोहितों के द्वारा पूजा पाठ करायी गयी। वेद पुराण के अनुसार मान्यता है कि सर्व प्रथम देवी पार्वती ने इस व्रत को किया था। वही व्रती महिलाओं ने बताया कि पूजन विधि अनुसार हरतालिका तीज व्रत में सूर्योदय से पहले उठकर नहा धोकर सोलहों श्रृंगार कर पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर देवी गौरी और भगवान शंकर की प्रतिमा स्थापित कर देवी पार्वती को सुहाग सामग्री अर्पित की जाती है।

## कोल्हान की खबरें

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने लगाया रक्तदान शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने लौहनगरी में अपने सामाजिक जिम्मेदारी के साथ सामुदायिक कल्याण के प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शुक्रवार को टाटा स्टील यूआईएसएल टीम की प्रयास से बिस्टुपुर ब्लड बैंक में सफलतापूर्वक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुल 175 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा,जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में उपस्तित सभी वरीय पदाधिकारीओ ने कर्मचारियों के उत्साह की जमकर सराहना की। साथ ही इस तरह जीवन बचाने की पहल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा शिविर में 175 यूनिट रक्त संग्रह होने से जमशेदपुर व आसपास के अस्पतालों में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी। यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने कहा टाटा स्टील यूआईएसएल हमेशा से मानवीय कारणों में सबसे आगे रही है। यह पहल एक बार फिर समाज को वापस देने के लिये कंपनी के गहरे मूल्यों को रेखांकित करती है।

## अंजुमन इस्लामिया सरेंगहातु का चुनाव 20 को

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अंजुमन इस्लामिया सरेंगहातु तोड़ार का चुनाव बीस सितंबर होगा.वही चुनाव कमेटी के अध्यक्ष सफरुद्दीन अंसारी एव उपाध्यक्ष गुलाम सरवर ने संयुक्त रुप से अंजुमन इस्लामिया सरेंगहातू तोड़ार का चुनाव की तिथि का घोषणा किया है. चुनाव की तिथि का घोषणा अनुसार 7 सितंबर से 10 सितंबर तक नमांकन पत्र की बिक्री जबकी 11 सितंबर से 13 सितंबर तक आवेदन प्राप्त किया जायेगा.और 14 सितंबर से 15 सितंबर नाम वापसी और 17 सितंबर को आवेदन प्रपत्र की जांच कर चुनाव चिन्ह वितरण किया जायेगा. तथा 20 सितंबर को अंजुमन इस्लामिया के सभी पदों के लिये वोटिंग होगा.और उसी दिन शाम को गिनती होगी।

# रामदास सोरेन से मिले घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके जमशेदपुर आवास में घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान प्राचार्य ने मंत्री को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। मौके पर प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा घाटशिला कॉलेज कोल्हान विश्वविद्यालय का बड़ा महाविद्यालय है। घाटशिला कॉलेज में छात्रों की संख्या भी काफी अधिक है। कॉलेज के विस्तार के लिए अतिरिक्त 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसका प्रस्ताव कोल्हान विश्वविद्यालय के माध्यम से जनवरी में ही उच्च शिक्षा मंत्रालय में जमा करवा दिया गया है।उन्होंने मंत्री से सरकार के स्तर पर घाटशिला कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। प्राचार्य डॉ चौधरी ने मंत्री रामदास सोरेन से कहा महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं बहुत दूर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। लड़कियों की सुविधा के लिए कॉलेज में छात्रावास नहीं है। यदि 300 बेड का गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण होती तो लड़कियों को पढ़ने में काफी सुविधा होगी। प्राचार्य की दोनों मांगों को उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संज्ञान में लेते हुए इस दिशा में सहयोग करने का आश्वासन दिया।



# झारखंड में हेमंत सरकार लाखों बहनों को दे रही खुशियों का उपहार : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तरी और दक्षिणी छोटा गोविंदपुर पंचायत सचिवालय में हेमंत सरकार के महाआकांक्षी योजना ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक के साथ मौजुत सरकारी पदाधिकारियों ने प्रखंड व अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया।मौके पर विधायक ने स्टॉल में उपस्थित कर्मियों को ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सहयोग करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोच है झांरखण्ड में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अर्थव्यवस्था से मजबूत हो। इस ख्याल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता के लिए कई तरह के योजनाएं चला रहे है। ताकि राज्य के सभी किसान,मजदूर और गांव में रहने वाले लोगों का सर्वांगीण विकास हो सके। यह हेमंत सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा शिविर में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण आएं और अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़कर अपने साथ परिवार को भी सशक्त और स्वावलंबी बनाएं। श्री कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मईया सम्मान योजना के तहत लाखों बहनों को खुशियों के उपहार दे रही है। इस अवसर पर शिविर में सैकड़ो क्षेत्र के ग्रामीण व झामुमो समर्थक उपस्थित रहे।



# कुख्यात अपराधी संतोष थापा दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के कुख्यात अपराधी संतोष थापा को पुलिस ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया आदित्यपुर के आर्म्स एक्ट मामले में फरार अपराधी संतोष थापा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। एसपी ने बताया सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे दिल्ली पुलिस के सहयोग से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संतोष थापा को गिरफ्तार किया गया। उस दौरान वह इंडिगो एयरलाइंस की विमान से उतर रहा था। वह काठमांडू भागने की फिराक में था। उन्होंने बताया संतोष थापा की गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष टीम का गठन किया था। जो उसके पल पल की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। लेकिन शातिर संतोष थापा पुलिस के हत्थे से दूर रहा। आगामी रविवार को आदित्यपुर पुलिस के द्वारा मोस्ट वांटेड हिस्ट्रीशीटर अपराधकर्मी गुड्डू पांडे की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को संतोष थापा के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे। इसके बाद चंद घंटे में ही संतोष थापा का लोकेशन ट्रैक कर उसे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा गुड्डू पांडे संतोष थापा के संपर्क में था। पिछले दिनों आदित्यपुर के सालडीह बस्ती में सुभाष प्रामाणिक पर हुए जानलेवा हमले के बाद संतोष थापा ने कोलकाता में उसके इलाज की जिम्मेदारी उठायी थी। गुड्डू पांडे से पूछताछ के क्रम में उसके मोबाइल से एक अनजान नंबर पर तीस हजार रुपए कैश ट्रांजैक्शन से रिलेटेड एक मैसेज पुलिस के हाथ लगे।



# हिंदू पीठ में तीन दिवसीय गणपति महोत्सव की तैयारी पूरीः अरुण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिन्दू पीठ जमशेदपुर में तीन दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई। हिन्दू पीठ के अध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया हिन्दू पीठ के श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणपति महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा। इस अवसर पर गणपति जी की विशेष आरती के बाद मंचीय कार्यक्रम व भजन का आयोजन किया जाएगा। गणपति महोत्सव के लिए जमशेदपुर के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं एंव समाजिक कार्यकताओं को आमंत्रण दिया गया। 8 सितम्बर को महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के सैकड़ों महिलाओं को आमंत्रित किया गया। तीसरे दिन भूत पूर्व सैनिकों के साथ विश्व हिन्दू परिषद व राष्ट्रवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को आमंत्रण दिया गया।



## नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर प्रखंड के चिंगरी नवाटोली निवासी 45 वर्षीय सुनील तिर्की की नदी में बहने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों के द्वारा बताया गया कि गुरुवार को हरा टोली गांव में सुनील की फुआ का देहांत हुआ था। जहां पर वह अपनी फुआ की अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए गया हुआ था। फूआ की अंतिम संस्कार कर देर शाम में वह शराब का सेवन कर नशे की हालत में घर लौट रहा था। रास्ते में पडने वाला कोयल नदी में बाढ़ थी और नशे की हालत में उसे पता नहीं चला और सीधे वह नदी में प्रवेश कर गया जिससे पानी का तेज बहाव में वह बह गया जिससे उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी बिशुनपुर पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को नदी से निकलकर घटना की सूचना परिजनों को दी जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।

# लेवी मांगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला जिले के बसिया-सिसई सड़क और पुल निर्माण परियोजना में लेवी मांगने के मामले में पुलिस की तत्परता सामने आयी है। इस घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर इस कार्रवाई का खुलासा किया और बताया कि इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है और आम जनता ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

विनोद कुमार जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार धर्मेंद्र जैन द्वारा बसिया से सिसई तक सड़क और पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा था। 9 अगस्त को कुछ अज्ञात अपराधियों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर 40 लाख रुपये की लेवी की मांग की। अपराधियों ने निर्माण स्थल पर लगे वाहनों को तोड़फोड़ किया और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। इस घटना के बाद ठेकेदार ने तुरंत बसिया थाना में एफआइआर दर्ज करायी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एक विशेष जांच टीम का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया ने किया। टीम में बसिया अंचल के अधिकारी जितेंद्र कुमार राम, बसिया थाना प्रभारी सुनील रविदास, पालकोट थाना प्रभारी मोहम्मद जहांगीर, कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश और तकनीकी शाखा के अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

जांच के दौरान एसआइटी ने शंकर प्रधान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक देसी लोडेड कट्टा और एक गोली बरामद हुई। शंकर प्रधान से पूछताछ में घटना में शामिल अन्य अपराधियों का नाम भी सामने आया। इसी कड़ी में गणेश हजाम के घर से 7.65 एमएम की पांच जिंदा गोलियां भी बरामद की गयी। पूछताछ के बाद शंकर प्रधान, गणेश हजाम और आजाद साहू ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त की सुबह वे पोकता पुल निर्माण स्थल पर गये थे और लेवी की मांग को लेकर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी।

गुमला के पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ जारी पुलिस की सख्त नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लेवी मांगने जैसी घटनाएं समाज में दहशत फैलाती हैं, और हम ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में और भी महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं और बहुत जल्द अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी भी की जायेगी। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई को लेकर इलाके में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। खासकर निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और श्रमिकों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की कोशिशों की सराहना की है।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

गिरफ्तार किये गये आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सतीश, संतोष गोप, संजय और भादु नामक अन्य आरोपियों की पहचान की है। ये सभी इस कांड में मुख्य भूमिका निभा रहे थे और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# चमरा लिंडा ने पुल का किया शिलान्यास




आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के कुरार्ग गांव में उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक चमरा लिंडा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की बहुत लंबे समय से मांग रही है कि उक्त नदी में पुल का निर्माण कराने से ग्रामीणों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। जिसे देखते हुए पुल निर्माण की योजना को प्राथमिकता दिया गया। वहीं मौजूद विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने बताया कि करांग गांव स्थित अड़ीया नदी पुल करीब 3 करोड़ की लागत से निर्माण होना है, इस पुल के निर्माण होने के बाद आसपास के गांव घुठी, लालपुर, नवाडीह, आदर, करांग,कुगांव शिवशेरेंग सहित कई गांवों को जोड़ेगी। इस मौके पर मुख्य रुओ से विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, मोहरलाल उरांव, सुनील उरांव, दयाल उरांव, बालकिशुन उरांव, सत्येंद्र उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शुक्रवार का जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेने सिमड़ेगा जाने के क्रम में कोनबीर स्थित खुदी चौक में कार्यकर्ताओं ने काफी गर्मजोशी से स्वागत किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी खुदी साहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पत्रकारों द्वारा चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ये बाते खुद चंपाई सोरेन से पूछे तो अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोग जनसंवाद कार्यक्रम का दौरा कर रहे है और हमलोग के साथ सेंट्रल के दो आइसीसी के सचिव हमारे साथ है। हमलोग का कार्यक्रम कांग्रेस के नीति सिद्धांत एवं गठबंधन सरकार की कल्याणकारी योजना को धरातल में उतारना है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिसई के पण्डरनी पानी मे आयोजित जनता दरवार कार्यक्रम में 200 यूनिट बिजली फ्री, किसानों को दो लाख की बीमा माफी, अबुआ आवास योजना, सर्वपेंसन योजना के अलावे मइया सम्मान योजना की घोषणा किये है। मईयां सम्मान योजना के कारण पूरे महिलाओ में एक क्रांति आयी है जो आगामी विधान सभा चुनाव में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य अपने नीति और सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाना है। राहुल गांधी कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक कि यात्रा से देश को जोड़ने का काम किया है। गुमला जिले के तीनों सीट को लेकर विधायक भूषण तिर्की के बयान पर कहा कि हमलोग का गठबंधन ठीक है। सीट शेयरिंग पर हमलोग आपस मे मिल बैठ कर काम करेंगे और गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अरुण साहु, धीरज प्रसाद, प्रदीप बलमुचू, रमा खलखो, अशोक चौधरी, बेलस तिर्की, सुशील होता, जेडी नायक, गौरी शंकर चौधरी समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुमला में साइकिल चोरी और छेड़छाड़ के आरोप में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में साइकिल चोरी और एक युवती से छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस की त्वरित कार्रवाई से जनता ने राहत की सांस ली है।

**पहला मामला: साइकिल चोर की गिरफ्तारी :** गुमला सदर थाना क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से लगातार साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। कई पीड़ितों ने चोरी की शिकायतें भी दर्ज कराई थीं। लेकिन हाल ही में शहर के मेन रोड पर हुई एक साइकिल चोरी ने पुलिस को हरकत में ला दिया। गुमला थाना में दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।



जांच के दौरान फुटेज में एक व्यक्ति को साइकिल चुराते हुए स्पष्ट रूप से देखा गया। उस व्यक्ति की पहचान बिहार के बौरा शरीफ गया निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद अनवर अंसारी पिता अनीस अंसारी के रूप में हुई। जो फिलहाल गुमला के हुसैन नगर में रह रहा था। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान अनवर ने कबूल किया कि वह 2011 में गुमला आया था और यहां प्रेम विवाह कर हुसैन नगर में बस गया।

**दूसरा मामला: छेड़छाड़ का आरोपी की गिरफ्तारी :** दूसरी घटना गुमला सदर थाना क्षेत्र के घटगांव पंचायत स्थित कोल पारा घट्ठा गांव की है। गुरुवार को 37 वर्षीय किशोर कुमार जो विंध्याचल नगर, फसिया का निवासी है। मोबाइल सिम बेचने के उद्देश्य से कोल पारा घट्ठा गांव गया था। इस दौरान वह एक घर में घुस गया और वहां मौजूद एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने विरोध किया और शोर मचाया। जिसके बाद आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गये।

घटना से नाराज ग्रामीणों ने आरोपी किशोर कुमार की जमकर पिटाई की और उसे बंधक बना लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को जेल भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सरकार आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास के लिए 178 आवेदन प्राप्त हुए



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत में झारखंड सरकार का विशेष कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का कैंप लगाया गया। कैंप के माध्यम से झारखंड सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी एवं सभी विभाग के स्टॉल लगाया गया। शिविर में वृद्ध एवं विधवा पेंशन 76 लाभुक का आवेदन प्राप्त हुआ। अबुआ आवास में 178 आवेदन जमा किए गये। जन वितरण प्रणाली अंतर्गत 15 लाभुकों को धोती साड़ी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन 41 जमा हुआ। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड हेतू 6 आवेदन प्राप्त हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु 121 आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ जांच 173 लोगों का जांच किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 66 आवेदन प्राप्त हुआ। कैंप में प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलम केरकेट्टा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, पंचायत समिति सदस्य राजेश्वरी देवी, बिरसा उरांव सहित सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं सैकड़ो की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

### आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन ने किया मत्स्य वितरण




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत प्रखंड के पांच गांव के चयनित दस जनजातीय किसानों को मत्स्य विभाग गुमला में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मछली जीरा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मत्स्य विभाग के पदाधिकारी नाजिम उलाह अंसारी द्वारा मछली पालन की पूरी जानकारी सह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। किसानों से चर्चा के दौरान सभी किसानों के तालाब की जानकारी लिया गया एवं उसी के आधार पर चयनित दस जनजातीय किसानों को तीन-तीन किलो मछली जीरा वितरण किया गया। इस मौके पर आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज गोप, सहदेव साहु सहित कई किसान उपस्थित थे।

### कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 8 को आयेंगे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 8 सितंबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड की ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच व उनका इलाज किया जायेगा।

# जेठू बांध की जमीन को बचाने के लिए बोलबा सीओ से मिला मिशन बदलाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम सिमडेगा जिला अंतर्गत बोलबा पंचायत स्थित जेठू बांध का 22 एकड़ जमीन बचाने को लेकर बोलबा अंचलाधिकारी से मुलाकात कर उचित कार्रवाई हेतु अवगत कराया। जमीन के अवैध खरीद बिक्री मामलों को लेकर मिशन बदलाव की टीम जिला उपायुक्त के संग करेगी बैठक। जमीन धारी गौरीशंकर सेनापति के आग्रह पर मिशन बदलाव की टीम ने सिमडेगा जिला अंतर्गत बोलबा पंचायत का किया एक दिवसीय दौरा। बताते चले कि जमीन धारी गौरीशंकर सेनापति का जेठू बांध स्थित 22 एकड़ जमीन जिसे रिषभ मित्रा प्राइवेट लिमिटेड व भू माफिया बिचौलिया के मिली भगत के द्वारा अवैध तरीके से जमीन का हस्तांतरण और अवैध रूप से कब्जा के साथ उपरोक्त जमीन का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, और इकरार नामा पत्र बनाया गया है जो बहुत बड़ी बिषय है। उपरोक्त बिषय को संज्ञान लेते हुए मिशन बदलाव की टीम बोलबा अंचल अधिकारी से मुलाकात कर मामले को अवगत कराया। मौके पर मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत, बिनोद साहू, सूरज बाबू, बुधेश्वर उरांव, दिपेश कुजूर, गौरीशंकर सेनापति, गोपाल सेनापति इत्यादि उपस्थित थें।

# जिले की विभिन्न पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरीय अधिकारियों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना को लेकर अलग कैम्प लगाया है, ताकि लोगों को आवेदन जमा करने में कोई समस्या न हो। वही महिलाओं में झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर काफी उत्सुकता देखी गयी। कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया।

# भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय गुमला रोड स्थित शिया धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंडल अध्यक्ष किशोर जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के घाघरा मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुख एवं पदाधिकारियों की आहूत बैठक में शत प्रतिशत उपस्थिति रही है। उन्होंने झारखंड के हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार को उखाड़ कर फेंका गया, उसी प्रकार झारखंड में हेमंत सरकार को उखाड़ कर फेकने का काम किया जाएगा। झारखंड में भी कमल खिलेगा। इसमें कहीं संदेश नहीं। उन्होंने सभी कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर जा कर काम करने की बात कही। बैठक को पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रवीण सिंह, अशोक उरांव, भिखारी भगत, कुमार रवि, तिम्बू उरांव, प्रदीप प्रसाद, आशीष सोनी, बिपिन बिहारी सिंह, पप्पू गुप्ता, किशोर जायसवाल, गोपाल गोप, अलका देवी, संजय सिंह, आजाद साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चाचा की कैद से भाग कर पैदल बेड़ो पहुंचा युवक

## अपने चाचा पर बंधक बनाकर मानसिक प्रताड़ना व मारपीट का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के काली मंदिर रोड गोकुल नगर निवासी जतिन राज ने बेडो थाना को आवेदन सौंप कर जान की रक्षा करने की गुहार लगाई है। उसने अपने चाचा पर शारीरिक व मानसिक प्रताडना सहित धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। थाना को दिए आवेदन में युवक ने बताया वर्ष 2020 में उसके पिता का निधन हो गया। उसके माता-पिता के नहीं रहने के कारण वो बेसहारा हो गया। इसके बाद उसने अपने चाचा संदीप कुमार प्रसाद के घर शरण ली। संदीप प्रसाद गोकुल नगर में स्टार डीपीएस स्कूल के संचालक हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस दौरान चाचा उसे बेरहमी से अक्सर मारपीट करते थे। ढंग से खाना भी नहीं देते थे और एक कमरे में कैद कर के रखते थे। उसके पिताजी के हिस्से की जमीन को उसके चाचा ने धोखा धड़ी कर बेच दिया। उसके विरोध करने पर उसे एल्यूमिनियम के राड से मारा करते थे। वह अपने चाचा संदीप कुमार प्रसाद के साथ अब नहीं रहना चाहता है। क्योंकि उसके चाचा उसे पागल बना देने की बात बोलते हैं।



### युवक को अपने चाचा से है जान का खतरा

युवक ने बताया कि वह बेड़ो के एक मंदिर में रह रहा है। उसे उसके चाचा संदीप प्रसाद से जान का खतरा है। जमीन जायदाद को लेकर वे उसे अपने रास्ता से हटाना चाहते हैं। उसे एक कमरे में बंद कर पागल बनाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। युवक ने यह भी कहा कि चाचा के प्रताड़ना से परेशान होकर 25 अगस्त को मौका मिलते ही वह घर से भाग गया और पैदल चलकर दूसरे दिन बेड़ो पहुंच गया। इसके बाद वहां के युवक आकाश भगत और सौरव कुमार से उसकी मुलाकात हुई। इन लोगों ने उसे खाना खिलाया और उसकी सहायता की। बीते 4 सितंबर को गुमला के एक समाजसेवी शुभम कुमार को इस बात की जानकारी हुई। वह आकर पीड़ित से मिले। पीड़ित ने उन्हें घटना की पूरी जानकारी दी। शुभम ने पीड़ित को इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया।

### इस मामले में संदीप ने रखा अपना पक्ष

इस संबंध में विद्यालय के संचालक सह पीड़ित युवक के चाचा संदीप कुमार प्रसाद से पूछने पर उन्होंने कहा मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। मेरे भतीजे को मैं ने गेट कीपर के रूप में रखा था। जिस दिन वह भाग गया उसे दिन हम लोग घर पर नहीं थे। मेरे भतीजे को कई प्रकार की बीमारी है। वही वह अर्धविक्षिप्त भी है।

# साउथ एशियन कंबाइंड खेल में छात्र ने लाया प्रथम पुरस्कार, किया गया अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल गुमला के छात्र नीरज मांझी जो कि दसवीं कक्षा में अध्यनरत है साउथ एशिया कंबाइंड खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता नेपाल के काठमांडू में हुआ था। छात्र ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर राज्य तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील टोप्पो तथा पूरे विद्यालय परिवार ने निरंजन मांझी को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वही विद्यालय स्तर पर स्वागत समारोह का आयोजन कर छात्र का अभिनंदन और स्वागत किया गया। वही उसके गुमला आगमन पर स्थानीय टावर चौक में विद्यालय के शिक्षक छात्र और खेल प्रेमी जुन्नू रैन ने फूल माला पहनकर छात्र का भव्य स्वागत किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षक हमारे समाज के निर्माता एवं मार्गदर्शक होते हैं : डॉ अमित अग्रवाल



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जीसीपीए कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महान शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल आदि ने अपने-अपने विचार साझा किए। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि गुरु ही साक्षात परब्रह्म है। ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं। गुरु समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके योगदान को हमेशा सम्मानित किया जाना चाहिए। वहीं, कॉलेज के सचिव ने भी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें छात्रों के भविष्य एवं समाज का निर्माता और मार्गदर्शक बताया। कहा कि जीवन में हर किसी को एक गुरु बनाना चाहिए, जो आपको हमेशा सही रास्ते पर चलने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने किया। इस मौके पर प्रो अखिलेश कुमार, प्रो अमित कुमार, प्रो मुन्नी देवी, प्रो इंदु, प्रो अपराजिता, प्रो सूर्योदय, प्रो राजमोहन, प्रधान सहायक योगेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## हैदरनगर किड्सजोन स्कूल में सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर के किड्स जोन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक कामरान खान ने कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई नृत्य संगीत कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर निदेशक सह प्राचार्य कामरान खान ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया। कहा कि शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का उत्सव है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं, बल्कि जीवनभर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने सभी से डॉ राधाकृष्णनन के दिखाए मार्ग पर चलकर एक आदर्श शिक्षक बनने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षिका अंशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, खुशी खातून, हलीमा खातून, खुशबू खातून, अफसाना परवीन, रानी सिंह, ज्योति कुमारी, आदित्य सिंह, प्रेमचंद मेहता आदि मौजूद थे।

## छतरपुर में याद किये गये डॉ सीपी राधाकृष्णन

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पांच सितंबर को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी। शिक्षक दिवस पर छतरपुर के कई शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामगढ़ के ओमेगा कोचिंग सेंटर और अरुण आवसीय विद्यालय की ओर से शिक्षक दिवस पर छात्र सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन उपस्थित थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित व केक काटकर डॉ राधाकृष्णन को याद किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी। कहा कि अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने से इंसान कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। वहीं, ओमेगा कोचिंग सेंटर के संचालक अवधेश कुमार ने बच्चों को कड़े परिश्रम करने की सलाह दी। बताया कि सतत प्रयासों से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं अरुण आवासीय विद्यालय के निदेशक ने कहा कि आज का दिन प्रेरणा लेने का दिन है। छात्र अपने जीवन में उपलब्धि हासिल करें तभी एक शिक्षक का मान बढ़ेगा। इस मौके पर ओमेगा कोचिंग सेंटर के उपेंद्र गुप्ता, सिंटू विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, सूर्यवंश यादव, पिंटू गुप्ता, जबकि अरुण आवासीय विद्यालय में मंदीप यादव, श्रीनिवास शर्मा, रंजू कुमारी, रिंकी कुमारी, काजल कुमारी, उजय यादव व प्रियांशु आदि उपस्थित थे।

## हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी हरतालिका तीज

**पांकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सुहागिन महिलाओं ने हर्षोउल्लास के साथ शुक्रवार को हरतालिका तीज व्रत मनाया। यह पर्व शिव-शक्ति को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को विवाहित महिलाएं रखती हैं। वर्तमान में अविवाहित लड़कियां भी शीघ्र विवाह के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं। धार्मिक मान्याता है कि हरतालिका तीज के दिन शिव परिवार की पूजा करने से व्रती की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा, घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। ज्योतिषियों की मानें तो दशकों बाद हरतालिका तीज पर एक साथ कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इन योग में शिव परिवार की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

## हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर व गेट के समीप थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों व चौकीदारों ने स्वच्छता अभियान चलाया। थाना गेट के समीप झाड़ियों को साफ किया। थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी को अपने कार्यस्थल के साथ ही आसपास स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। हर जगह स्वच्छा हो इस पर पहल करनी चाहिए।

## झारखंड निषाद विकास संघ की बैठक में संगठन के विस्तार व मजबूती पर हुई चर्चा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड निषाद विकास संघ की बैठक बिरजा उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष अनुज चौधरी व संचालन संजय चौधरी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा हुई। साथ ही 13 सितंबर को धनबाद में प्रस्तावित राज्यस्तरीय बैठक को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष अनुज चौधरी ने समाज के लोगों से धनबाद बैठक में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया। कहा कि शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना करना भी बेमानी होगा। समाज के हर बच्चे को शिक्षित करना होगा ताकि समाज का पूर्ण विकास हो सके। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लालबिहारी चौधरी, संजय चौधरी, उदित क्चौधरी, शिवनाथ चौधरी, राम अवतार चौधरी, अरुण कुमार, चंदन चौधरी, सकेंद्र चौधरी, काशीनाथ चौधरी आदि मौजूद थे।

# पलामू में वृद्ध की हत्या

## घर के अंदर सोयी थी पत्नी, हत्या की भनक तक नहीं लगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी गांव में राजा यादव नामक 68 वर्षीय वृद्ध की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी। घटना गुरुवार की रात 10 बजे के आसपास की बतायी जा रही है। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण राजा यादव घर के बाहर सोये थे। तभी अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। सूत्रों की मानें तो मृतक राजा के सिर, चेहरा व टुडी पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है। शुक्रवार की सुबह पलामू पुलिस को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि जिस समय यह घटना हुई मृतक की पत्नी घर के अंदर सोयी थी। पुलिस का कहना है कि राजा यादव की पत्नी को घटना कब और कैसे हुई इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। उनका बेटा भी उसी गांव में घर से 300 मीटर की दूरी पर रहता है। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों द्वारा थाने में किसी तरह की कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है। पुलिस का कहना है किक शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे गांव में हत्या के बाद से सनसनी है।

## चला वाहन जांच अभियान, 50 बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता





**हरिहरगंज/पलामू।** वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को हरिहरगंज थाना स्थित अंतर्राज्यीय चेकनाका पर सड़क सुरक्षा को लेकर दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक से संबंधित सभी कागजात, ट्रिपल लोड और हेलमेट की जांच की गई। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एसआई नंदलाल सहनी और पुलिस जवानों ने ट्रिपल लोड और बिना हेलमेट पहने 50 बाइक को जब्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि हरिहरगंज क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई लोगों की सुरक्षा के लिए ही की जा रही है। जब्त बाइको का प्रतिवेदन मेदिनीनगर न्यायालय को भेज दी गई है। कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# संत जेवियर स्कूल के दो छात्रों का अपहरण, दो घंटे में ही दोनों बरामद

## परिजनों में भय पैदा करने के लिए किया गया था अपहरण : एसपी

**चार गिरफ्तार, दो भागने में सफल, घटना में इस्तेमाल दो बाइक व पांच मोबाइल जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस की तत्परता से संत जेवियर स्कूल अपहत दो छात्रों को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से महज दो घंटे में ही मुक्त करा लिया है। घटना गुरुवार को अपराह्न 3.30 बजे घटित हुई। पलामू एसपी ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि संत जेवियर स्कूल के दो छात्रों के अपहरण की सूचना मिली थी। इसी के सत्यापन को लेकर शहर थाना प्रभारी को जानकारी दी गई। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने टीम गठित कर बारालोटा के गुरियाही के समीप छापामारी की। इसमें शुभम पांडेय नामक छात्र को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ा लिया गया। साथ ही अपहरण की घटना में शामिल चार अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि दो भागने में भी सफल रहे। एसपी ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने सबसे पहले नितिन राज नामक छात्र का संत जेवियर स्कूल के गेट के पास से अपहरण किया। उसे डराया, धमकाया व मारपीट भी की। नितिन से उसके दोस्त शुभम पांडेय की जानकारी ली। इसके बाद नितिन से शुभम के पास फोन करवाकर पूछवाया कि वह कहां है। शुभम ने बताया कि वह कचहरी चौक के पास खड़ा हैं। इस पर नितिन ने कहा कि तुम वहीं रुको मैं आता हूं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपहरणकर्ता कचहरी चौक पहुंचे व शुभम पांडेय का अपहरण कर लिया। हालांकि अपहरणकर्ताओं ने नितिन को जीएलए कॉलेज के पास लेजाकर छोड़ दिया और शुभम को लेकर चले गये। एसपी ने बताया कि अपहरण में शामिल बड़कागांव निवासी कौशल तिवारी के पुत्र प्रशांत तिवारी का शुभम पांडेय के परिवार से अनबन था। जांच में पता चला कि शुभम पांडे के परिवार को डराने के ख्याल से प्रशांत तिवारी ने अपहरण किया था। इस घटना में बड़कागांव का प्रशांत तिवारी, बारालोटा के जनकपुरी स्थित राजकिशोर चंद्रवंशी के पुत्र नीरज चंद्रवंशी, जीएलए कॉलेज बारिलोटा स्थित नवल किशोर पांडेय के पुत्र कुंदन पांडेय व पांकी रोड श्रीराम पथ चरकी भट्टा स्थित विनय शुक्ला के पुत्र वैभव भास्कर को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि दो अन्य अपहरणकर्ताओं को पुलिस शीघ्र पकड़ लेगी। एसपी ने बताया कि अपहरण की घटना में इस्तेमाल दो बाइक व पांच मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इस दौरान छापामारी टीम में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के अलावे पुलिस अवर निरीक्षक अनिल सिंह, वीरेंद्र मेहता, गुलशन बेरवा, सहायक अवर निरीक्षक इंद्रदेव पासवान, हवलदार रमेश प्रसाद, आरक्षी रोहित, नंदलाल पटेल, रामजी प्रसाद, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, सुविंद कुमार, राजेश कुमार, परवेज खान, श्रवण यादव, राकेश कुमार सिंह व मोहम्मद इसरार अहमद शामिल थे।

## अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र से अलग-अलग मामले में फरार चल रहे चार वांचित वारंटियों को गिरफ्तार कर हरिहरगंज पुलिस ने शुक्रवार को मेदिनीनगर न्यायालय में भेजा। इसमें ग्राम पंचायत खड़गपुर निवासी रामजी राम के पुत्र दीपक उर्फ बीपत राम, रामाधार राम पिता जमुना राम, विनोद राम पिता सूरज राम और मझिगावां निवासी चंद्रदेव यादव पिता महंग यादव शामिल हैं।

# केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां व झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत करायें : मनोज सिंह

**भाजपा नगर मंडल कार्य समिति की बैठक में बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता श्रवण गुप्ता ने की. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ की मजबूती के लिए राष्ट्र प्रथम व पार्टी की विचारधारा को मानने वाले लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ें। सशक्त बूथ कमेटी बनते ही नए एवं पुराने कार्यकर्ता पूरी क्षमता के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। प्रत्येक बूथ सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के बीच केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं और झारखंड की जन विरोधी सरकार से भी जनता को अवगत कराये। कहा कि सितंबर महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर झंडा बैनर के साथ पूरी भव्यता के साथ हो, ताकि इसका संदेश पूरे टोले मोहल्ले वार्ड तक जाए। वहीं, कार्यक्रम प्रभारी मधु लता सिंह ने कहा कि 8 एवं 9 सितंबर को सभी बूथों का सत्यापन कर नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर बूथ प्रमुख बनाने हैं। फिर नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं व बूथ प्रमुखों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है, जिसमें मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश का नंबर भी जोड़ना है, ताकि सभी स्तर के कार्यक्रम की रूपरेखा एवं गतिविधियां की जानकारी हर एक कार्यकर्ता के पास समय पर पहुंचती रहे। बैठक का संचालक मंडल महामंत्री दीपक सिंह ने किया। इस मौके पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, उदय शुक्ला, अभिमन्यु तिवारी, अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा, नंदलाल प्रसाद, शुभम प्रसाद, ज्योति अग्रवाल, विकास सिंह, अनिल सोनी, किशन मखड़िया, अनिमेश सिंह, बबीता देवी, शोभा देवी, जीवन लाठ, रणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## ब्रह्मदेव प्रसाद ने शिक्षकों के घर जाकर किया सम्मानित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने शिक्षक राजेंद्र मिश्रा के आवास डाल्टनगंज के आबादगंज, वशिष्ठ पाठक के आवास गूरी गांव व राम मनोहर चौबे जी उर्फ लुकाई गुरु जी के आवास केतात में जाकर उन्हें समान्नित किया। कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को आकार देने और बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षक हमें सीखने, बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे समाज के वो स्तंभ हैं, जो अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। इस मौके पर जदयू जिला अध्यक्ष गढ़वा मानिक राय भी मौजूद थे।

## बालू की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के हरिहरगंज प्रखंड में बालू की किल्लत से कई सरकारी योजनाओं का निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। इसे लेकर शुक्रवार को भाजयुमो नेता राजीव रंजन के नेतृत्व में दर्जनों लाभुकों ने नदी से बालू उठाव को लेकर पलामू डीसी के नाम सीओ मनीष सिन्हा को ज्ञापन सौंपते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। मौके पर कटैया पंसस शैलेंद्र सिंह, नंदकिशोर मेहता, संजय जायसवाल आदि मौजूद थे।**

## पेरिस पैरालिंपिक : मेंस हाई जंप में प्रवीण कुमार को गोल्ड

**भारत ने अब तक 26 मेडल जीते पैरालिंपिक में बेस्ट परफॉर्मेंस**

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालंपिक के पुरुष ऊंची कूद टी 64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छोटे पैर के साथ पैदा हुए प्रवीण ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह कुल 26वां पदक है, जबकि यह छठा स्वर्ण है। भारत के खाते में अब तक नौ रजत और 11 कांस्य भी आ चुके हैं। प्रवीण का यह पैरालंपिक में लगातार दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 2.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता था।

### स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय

उत्तर प्रदेश के नोएडा के 21 वर्षीय प्रवीण मरियप्पन थंगवेलु के बाद पैरालंपिक में पुरुष ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पैरा एथलीट हैं। अमेरिका के डेरेक लोसिडेंट ने 2.06 मीटर के साथ रजत और उजबेकिस्तान के तेमरबेक जियाजोव ने 2.03 मीटर की जम्प के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही प्रवीण कुमार ऐसे तीसरे भारतीय ऊंची कूद खिलाड़ी बने जिन्होंने पेरिस में पदक जीता है। उनसे पहले शरद कुमार ने रजत पदक जीता था, जबकि मरियप्पन ने पुरुष टी63 स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया था। बतातें चलें कि टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। बतातें चलें कि इससे पहले, गुरुवार की देर रात जूडो मेंस ख-1 कैटेगरी में कपिल परमार ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था।

**समाहरणालय सिमडेगा**
(सामान्य शाखा)

दिनांक–06.09.2024

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या–01/2023, PR- 334430 के आलोक में चौकीदार सीधी नियुक्ति परीक्षा–2024 हेतु पूर्व में सिमडेगा जिला अन्तर्गत दिनांक–10.09.2024 एवं 11.09.2024 को अभ्यर्थियों की शारीरिक जाँच हेतु तिथि निर्धारित किया गया था, उसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

नयी संशोधित तिथि की घोषणा की सूचना स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों एवं सिमडेगा जिला के Website- www.simdega.nic.in पर दे दी जाएगी।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा,
सिमडेगा

PR 335083 District (24-25)_D

Government of Jharkhand
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice – 2nd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Strengthening of ExistingElementary, Secondary & Higher SecondarySchools located in different04 Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 23.09.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

**Ref. No.: JEPC/CIV/03/964/2024/3300 Ranchi, Date:04.09.2024**

Sd/- (Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 334890 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन निविदा संख्याः–18/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक– 06.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHUNTI-18/2024-25 | कर्रा | गुनगुनियाँ मुख्य पथ से साहिलौंग सेताहुरू भाया टंगराटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं०–1.670 कि०मी०) | 1,35,09,000.00 (एक करोड़ पैंतीस लाख नौ हजार रू० मात्र।) | 2,71,000.00 (दो लाख इकहत्तर हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 2 | RWD-KHUNTI-19/2024-25 | कर्रा | बिरदा मुख्य पथ से टुंगरीटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 1.000 कि०मी०)। | 1,10,75,600.00 (एक करोड़ दस लाख पचहत्तर हजार छः सौ रू० मात्र।) | 2,22,000.00 (दो लाख बाईस हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 10.09.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.09.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 334980 (Rural Work Department) 24-25 (D)

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला उपवास, शिव-पार्वती की पूजा की





कथारा (आजाद सिपाही)। कथारा में सुहागिन महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर व शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर हरतालिका तीज व्रत किया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी, कथारा चार नंबर, कथारा बस्ती, बांध बस्ती, आईबीएम कॉलोनी आदि इलाकों में तीज पर्व को लेकर सुहागिनों ने दिनभर निर्जला उपवास रखा। अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए माता पार्वती एवं भगवान शंकर की पूजा की। कथारा दो नंबर मंदिर के पुजारी राजेंद्र मिश्रा व गुप्तेश्वर पांडेय ने कथारा चार नंबर, कथारा दो नंबर शिव मंदिर में सुहागिनों को विधिवत पूजा करवाया। साथ ही माता पार्वती एवं भगवान शंकर की कथा सुनाई। कहा कि यह पर्व संकल्प शक्ति का प्रतीक है। सुहागिन महिलाओं के लिए हरतालिका तीज अधिक महत्वपूर्ण बताया गया है। इस दिन गौरी-शंकर की पूजा की जाती है। हरतालिका व्रत कथा के अनुसार माता पार्वती भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 12 वर्षों तक वन में कठोर तपस्या की। पूजा के प्रभाव से शिव प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन देते हुए पति के रूप में स्वीकार करने का वर दिया। इसी मान्यता को लेकर कुमारी कन्या सुयोग्य पति पाने के लिए एवं विवाहिता अपने पति के दीघार्यु होने की कामना के साथ तीज व्रत करती हैं। वहीं, पतियों ने भी पूजन-अनुष्ठान में सहयोग करते हुए आवश्यक तैयारियों में हाथ बंटाया। हरतालिका तीज पर अपनी सास को या अपने घर की बड़ी महिला को सुहाग और श्रृंगार का समान सजा कर सिंधारा के रूप में दिया जाता है।

### आजसू छात्र संघ ने बीबीएमकेयू में चलाया बेरोजगार बायोडाटा संग्रह अभियान



धनबाद (आजाद सिपाही)। आजसू छात्र संघ की ओर से शुक्रवार को बीबीएमकेयू में 'बेरोजगार बायोडेटा संग्रह' अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि युवा आजसू की ओर से पूरे राज्य में यह अभियान चलाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों के माध्यम से डेटा जमा किया जा रहा है। जिसे आठ सिंतबर को रांची में होने वाले युवा आजसू के महासम्मेलन में पेश किया जाएगा। इसके बाद उसे राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। युवा आजसू ने आम जनो व बेरोजगार युवाओं से आठ अगस्त को रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का हिस्सा हिस्सा बनने का आह्वान किया। वहीं, जिला महासचिव नितेश महतो ने कहा कि राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाकर झूठे वादे कर सत्ता में आई है। सरकार ने 5 लाख युवाओ को नौकरी देने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। गठबंधन के नेताओं ने अपने बड़े-बड़े घोषणाओं में स्नातक स्तरीय बेरोजगार युवाओ को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 5000 एवं स्नातकोत्तर स्तर के बेरोजगार युवाओ को 7000 रुपये भत्ता देने वादा किया था जो झूठा साबित हुआ। युवा आजसू सरकार को आइना दिखायेगी। इसलिए युवा आजसू पूरे राज्य के युवाओ के पास जाकर बायोडाटा संग्रह अभियान के तहत डाटा संग्रह कर रही है। इस मौके पर जिला वरीय उपाध्यक्ष राज हाजरा, मुकेश महतो, अंकित महतो आदि उपस्थित थे।

### रांची के प्रभात तारा मैदान में युवा आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा आठ को



नावाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड ऊपरघाट गोनियाटो में युवा आजसू के राज्य संयोजक सह बोकारो-गिरिडीह जिला प्रभारी टिकैत कुमार महतो ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने झारखंडी जनभावनाओं के साथ खिलावड़ किया है। सरकार ने राज्य के पांच लाख युवाओं को रोजगार के नाम से ठगा है। इसी वाद खिलाफी को लेकर आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में रांची के प्रभात तारा मैदान में युवा आजसू के बैनर तले झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन 8 सितंबर को किया गया है। जिसमें बोकारो एवं गिरिडीह जिला से हजारों बेरोजगार युवा शामिल होंगे। मौके पर युवा आजसू के गणपत महतो, सलेश विश्वकर्म, मुकेश नायक, दिनेश महतो और काजल कुमार आदि उपस्थित थे।

### सिपाही दौड़ में मरे युवक के परिजनों से मिले झामुमो नेता, दिया आर्थिक सहयोग



निरसा (आजाद सिपाही)। झामुमो जिला कमेटी के अध्यक्ष लखी सोरेन और उपाध्यक्ष मुकेश सिंह शुक्रवार को उत्पाद विभाग के सिपाही दौड़ के दौरान मृत अभ्यर्थी रोहित सिंह के शोकाकुल परिजनों से मिलने कलियासोल अंतर्गत धानकूड़ा, जोगरात पंचायत स्थित उनके आवास पहुंचे। परिजनों से मिलकर दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग दिया। इस अवसर पर लखी सोरेन ने आश्रित परिवार को भरोसा दिया कि झामुमो हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। वहीं, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि रोहित सिंह उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में शामिल हुए थे। गिरने से उनकी मौत हो गई थी। इससे हर कोई मर्माहत है। झामुमो इस शोकाकुल परिवार के साथ है। आनेवाले दिनों में हम सभी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाएंगे कि परिवार की आजीविका अच्छे से चल सके इसके लिए एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद मिले। बतातें चलें कि रोहित सिंह की शादी 2022 में हुई थी। उसका एक बच्चा भी है। उसके पिता पान की दुकान चलाते हैं। इस मौके पर पवन कुमार माजी, विकाश गोप और रितेश भी मौजूद थे।

### नगर, प्रखंड एवं मंडल में सुझाव पेटी और पत्रक भेजे गये

# भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल होंगे जनता से मिले सुझाव: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभा कक्ष में बैठक की। कहा कि अब विधानसभा चुनाव में दो महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में इस बार भाजपा ने निर्णय लिया है कि झारखंड की आम जन अपना सुझाव पार्टी की ओर से लगाए शिविर या वॉट्सएप नंबर 6202750671 पर दे सकते हैं। कार्यकर्ता विचार परिवार, संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता, अनुसूचित




आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक बिरंची नारायण।

जनजाति, अनुसूजित जाति, पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, व्यापारी एवं व्यावसायिक संगठन, छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राएं, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओ से संवाद, निजी शिक्षण संस्थान, लोक कलाकार, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर ग्रुप व यू ट्यूबर ग्रुप, सरकारी कर्मचारी, पूर्व सैनिक, दिव्यांग और असंगठित मजदूर संगठन आदि से संपर्क कर सुझाव लेंगे। इसके लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी नगर, प्रखंड व मंडल में सुझाव पेटी व पत्रंक भेजे गए। उसके माध्यम से प्राप्त सुझाव भाजपा अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगी। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, केके बोराल, माथुर मंडल, हरिपद गोप, रघुनाथ टुडू, स्वरूप दास, विकास कुमार, प्रदीप सरकार, सुधीर कर्मकार, सीमांत कैबर्त, अमरजीत कैबर्त, टिंकू बाउरी, चंदन बाउरी, राजा कर्मकार, दुर्गेश कर्मकार और ममता देवी आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर व इंजीनियरिंग के साथ ही गोल देता है नैतिकता व इंसानियत की शिक्षा





आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। शिक्षक दिवस पर मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाले भरोसेमंद संस्थान गोल ने धनबाद के धैया स्थित गोल इम्पायर में सभी सम्मानित शिक्षकों-सदस्यों के साथ ही छात्रों के बीच केक काटा गया। गोल संस्थान के प्रबंध निदेशक व संस्थापक विपिन सिंह ने किया कि हम सभी को प्रकृति ने यह सौभाग्य दिया है कि उन छात्रों और अभिभावकों के भरोसे और उम्मीद पर खरा उतरते हुए उनके लिए समर्पित भाव से काम करें। विगत 27 वर्षों से आपका इमानदार प्रयास और साथ मिलते रहा है, जिस कारण अब तक 17000 से ज्यादा छात्र डॉक्टर बनकर देश-विदेशों में मानवता जाति को सेवाएं दे रहे हैं। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद व लोगों की उपस्थिति में शिक्षकों को सम्मान दिया गया। वहीं, सभी शिक्षकों ने भी गुरु शिष्य परंपरा को बनाए रखने एवं सही शिक्षा पर जोर दिया। इस अवसर पर संजय आनंद ने बताया कि हमें अपने शिक्षकों पर गर्व है, कि आज के इस बदलते युग, परिवेश और माहौल में भी छात्रों के साथ सामंजस्य बैठते हुए उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। शिक्षक ही हैं जो अपनी छोटी-छोटी खुशियों को त्याग कर कमजोर छात्रों को भी समर्पित भाव से नई शिक्षा नीति और प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते पैटर्न पर खुद को अपडेट एवं अपग्रेड कर छात्रों को सही शिक्षा मुहैया करा रहे हैं। कुछ पूर्ववर्ती छात्र जिन्हें पहले काउंसलिंग में ही अच्छे मेडिकल कॉलेज मिले, उन्होंने भी शिक्षकों के साथ मिलकर खुशियां बांटी। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में भारती सिन्हा, अरुण कुमार, पूजा कुमारी, रानी, सुनील, उमेश, दिलीप और बंटी आदि की सहभागिता सराहनीय रही।

### ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या के प्रतिवाद में भाजपा एससी मोर्चा का कैंडल मार्च 10 को

धनबाद (आजाद सिपाही)। भूली रंगुनि फाटक सबरी आश्रम में शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने की। इसमें उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पासवान ने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार में गुंडे और अपराधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया था। वहीं, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि ममता सरकार महिला सुरक्षा के मामले में फेल हो चुकी है। जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने कहा कि 10 सितंबर को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म-हत्या के प्रतिवाद में डीआरएम चौक तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें विधायक राज सिन्हा व जिलाध्यक्ष श्रवण राय भी रहेंगे।

## डीसी ने पोषण रथ के प्रचार वाहन को किया रवाना

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय परिसर से समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के लिए पोषण रथ की प्रचार वाहन को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पोषण रथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, प्रखंडों का परिभ्रमण कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करेगा। पोषण अभियान के तहत एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का थीम अनिमिया नियंत्रण, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के



लिए तकनीक का वृहत उपयोग करना है। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि पोषण रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायत में भ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के प्रति जागरूक करेगा। लोग साफ-सुथरा एवं पोषण युक्त भोजन ग्रहण करे, पोषण के प्रति जागरूक हो, इसका प्रयास किया जा रहा है। कहा कि 25 से 28 सितंबर तक समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई, 5 से 7 सितंबर एवं 16 से 20 सितंबर तक एनीमिया से मुक्ति, 9-10 एवं 21 से 23 सितंबर तक बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग, 11 से 14 सितंबर एवं 21 से 23 सितंबर तक ऊपरी आहार, 15 से 21 सितंबर तक वृद्धि निगरानी सप्ताह, 18 सितंबर को पोषण भी पढ़ाई, 16 से 20 सितंबर तक एनीमिया 23 से 24 सितंबर तक पर्यावरण संरक्षण 29-30 सितंबर को समापन समारोह आयोजित किया जाना है। इसके अलावा वन स्टॉप सेंटर (सखी) की गाड़ी को भी डीसी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

## शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करने से मुखिया नाराज, शिलापट्ट पर भी नाम नहीं

### डीसी व मुख्यमंत्री से शिकायत की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

ललपनिया। डीएमएफटी मद से स्वीकृत गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत के नैयाटोली स्थित ललपनिया मुख्य पथ से जमकडीह भाया तेनुडेम साईट के पीसीसी पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास बोर्ड पर मुखिया का नाम ही नहीं है। इसपर मुखिया पार्वती देवी बेहद नराज है। उन्होंने कहा कि उक्त योजना का शुभ शिलान्यास विगत बुधवार की को सांसद और विधायक चुपके से आकर कर दिया। इस दौरान मुझे किसी तरह की कोई भी जानकारी कार्य एजेंसी द्वारा नहीं दी गई। हा ही शिलान्यास बोर्ड में मेरा नाम अंकित किया गई। इससे साफ पता चलता है कि मैं एक दलित समाज की महिला मुखिया होने कारण से



जान बूझकर मेरी गरिमा को ठेस पहुंचाने व अपमानित करने की कोशिश की गयी। आरोप लगाया कि कार्य एजेंसी किसी राजनीतिक दबाव में आकर ऐसा किया है। जबकि खनन कार्य से प्रभावित क्षेत्र का मुखिया जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद एवं प्रबन्धकीय समिति का सदस्य होता है। इसके बावजूद कार्य एजेंसी द्वारा शिलापट्ट में सांसद, विधायक उपमुखिया, वार्ड सदस्य का नाम तो अंकित है, लेकिन मुखिया का नहीं। इसकी शिकायत झारखंड राज्य पिछडा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र महतो से की हूं। जल्द ही डीसी और मुख्यमंत्री से भी शिकायत करूंगी। इस तरह की लापरवाही व मनमानी अपने पंचायत क्षेत्र में बिल्कुल नहीं चलने दूंगी। वहीं, भीम युवा एकता समिति के अध्यक्ष सह भीम आर्मी प्रखंड पदाधिकारी मुकेश कुमार और प्रेम शंकर रविदास ने कहा कि कार्य एजेंसी द्वारा शिलापट में मुखिया का नाम नहीं देकर एक दलित महिला मुखिया को अपमानित किया गया है। जिसकी हम निंदा करते हैं।

### पुलिस व रैफ ने किया फ्लैग मार्च

धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के सी/106 बटालियन की ओर से संयुक्त रूप से शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया गया। जिसका नेतृत्व रैफ बटालियन के सहायक कमांडेंट रवींद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि धनबाद पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन के अदेश पर जिला के सभी जगहों पर अति संवेदनशील पुलिस थाना क्षेत्र में परिचायांत्मक अभ्यास ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। फ्लैग मार्च के दौरान सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील इलाके में सर्च अभियान किया गया। 106 बटालियन बल के जवान पूरे साजो समान के साथ निकले थे। लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाये रखने में 106 बटालियन तत्पर है। हमारा उद्देश्य शहर के हर आम नागरिक को सुरक्षित महसूस कराना है। मौके पर निरीक्षक बाबलू थापा, झरिया थाना के सब इंस्पेक्टर प्रदीप लकरा आदि थे।

**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 12/2024–25, PR No:- 334695 District (24-25)D अन्तर्गत खूँटी प्रखण्ड में मौजा कमांता में इण्डोर स्टेडियम निर्माण कार्य के ई–निविदा में Technical Error के कारण website- jharkhandtenders.gov.in मे जिला परिषद्, खूँटी का दो Tender-Id [DOPR/DE/ Khunti/12/2024-25] [2024_ZPKHU_92295_1] एवं [DOPR/DE/Khunti/12/ 2024-25] [2024_ZPKHU_92295_2] दिखाई दे रहा है।

जिसमें से Tender-Id- [DOPR/DE/Khunti/12/2024-25] [2024_ZPKHU_92295_1] पर ही निविदा मान्य होगी। ह0/–

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 334945 District (24-25)_D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
(लापता लड़की मधु कुमारी, उम्र–15 वर्ष)



मझिऑव थाना सनहा सं0–16/24, दिनांक–26.05.2024 में लापता लड़की मधु कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पे0–राजू चौधरी, सा0–खरसोता, थाना–मझिऑव, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–लंबाई–05 फीट करीब, रंग–गोरा, पहनावा–जिन्स गुलाबी रंग का टॉप, हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 334944 Police(24-25).D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**

CIN: U40108JH2013SGC001704

Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH

Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in

Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)

Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 176/PR/JUSNL/ 2024-25 | Repair & Maintenance, painting (inside and outside area), sanitary work & other misc. work of Staff Quarter (F – Type) at 132/33 kV, GSS, Daltonganj. | 03 Months | 1476/- | 12,600.00 | 6,25,721.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | 06.09.2024 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 06.09.2024 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 26.09.2024 Up to 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 27.09.2024 at 12:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 334859 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः–　　　　दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–16/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र0 सं0 | आइडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RANCHI/ 46/2024-25 | बेड़ो | करौंजी बी0टी0 रोड से दिघिया मिशन स्कूल भाया जाराटोली तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 2.250 कि0मी0) | 2,15,77,300.00 | दो करोड़ पन्द्रह लाख सत्तहतर हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ RANCHI/ 47/2024-25 | लापुंग | मलगो मुख्य पथ कुसुमटांड़ से पतराटोली भाया भागलपुर तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 3.150 कि0मी0) | 3,13,26,700.00 | तीन करोड़ तेरह लाख छब्बीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ RANCHI/ 48/2024-25 | लापुंग | सेमला टांड़टोली से कुसुमटोली तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 2.200 कि0मी0) | 2,87,10,500.00 | दो करोड़ सतासी लाख दस हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ RANCHI/ 49/2024-25 | ईटकी | पुरियो बगीचा से हरमू भाया लुपुंगा तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 3.400 कि0मी0) | 3,47,74,200.00 | तीन करोड़ सैंतालीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–09.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–18.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–20.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 334878 REO(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## प्रधानमंत्री ने 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत की, बोले

# जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरूआत की। प्रधानमंत्री वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरूआत हो रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने इस पहल की शुरूआत की है। हाल के दिनों में देश के हर कोने में भारी बारिश से तबाही जारी है। देश को कोई हिस्सा ही शायद होगा, जिसने इस प्राकृतिक आपदा की वजह से संकट न झेला हो। इस बार गुजरात को भी भारी संकट का सामना करना पड़ा। हमारी सारी व्यवस्थाओं में भी इतनी क्षमता नहीं है कि इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में हमारी मदद कर सकें, लेकिन गुजरात के लोगों और अन्य देशवासियों में ये आदत है कि संकट की घड़ी में सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाते हैं।

**'जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल**ः प्रधानमंत्री ने कहा कि 'जल संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं है बल्कि यह एक प्रथा है। यह हमारी जिम्मेदारी भी है। जब भावी पीढ़ियां हमारा आकलन करेंगी तो हमारा जल के प्रति जो रवैया है, उसका भावी पीढ़ी सबसे पहले आकलन करेंगी। यह जीवन-मरण का सवाल है और यह मानवता के भविष्य का सवाल है। इसलिए हमने सतत विकास के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल संरक्षण पहला संकल्प है। **जल संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा :**

प्रधानमंत्री ने कहा 'जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण हमारे लिए नये शब्द नहीं हैं। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कहा गया है। नदियों को देवी माना गया और सरोवरों, कुंडों को देवालय का दर्जा मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'मैंने सरदार सरोवर बांध को पूरा करने की चुनौती ली थी और कई चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद गुजरात में जल संरक्षण पहल की शुरूआत की। शुरूआत में हमारे विरोधियों ने हम पर तंज कसे कि जो पाइप डाले जा रहे हैं, उनसे पानी की जगह हवा की सप्लाई होगी, लेकिन हमारी मेहनत का फल मिला और इसे अब पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने पर्यावरण के लिए देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। जब पेड़ लगते हैं तो भूजल का स्तर बढ़ता है। बीते कुछ सप्ताह में मां के नाम पर देश में करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं। ऐसे कितने ही अभियान और संकल्प हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की भागीदारी से आज जनांदोलन बनते जा रहे हैं। हमारी सरकार पूरे समाज के लिए काम करने की सोच के साथ काम कर रही है। बीते 10 वर्षों में हमारी सभी प्रमुख योजनाओं को देखें तो हमने जल संबंधी मुद्दों पर कई वर्जनाओं को तोड़ा है। **'जल जीवन मिशन से 1.25 लाख बच्चों की असमय मौत रोकी जा सकेगी'** 'रिपोर्ट्स के अनुसार जल जीवन मिशन से 1.25 लाख से ज्यादा बच्चों की असमय मौत भी रोकी जा सकेगी। हम हर साल 4 लाख से ज्यादा लोगों को डायरिया जैसी बीमारियों से भी बचा पायेंगे। यानी बीमारियों पर लोगों का जो खर्च होता था, वो भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि 'पहले देश के तीन करोड़ परिवारों को ही पाइपों के जरिए पानी की सप्लाई हो रही थी। आज देश में 15 करोड़ से ज्यादा परिवारों को यह सुविधा मिल रही है।

# सुजीत राज्यसभा सदस्य पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुजीत कुमार बीजेपी में हुए शामिल। राज्यसभा सदस्य पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद वह भाजपा में शामिल हो गये। नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद भर्तृहरि महताब, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह तोमर की मौजूदगी में वह औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हुए। सुजीत कुमार ने राज्यसभा सदस्य पद से इस्तीफा दिया है। 2020 में बीजद की ओर से राज्यसभा जाने वाले सुजीत कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के अध्यक्ष को अपना इस्तीफा पत्र भेज दिया। उन्होंने 2026 में अपना कार्यकाल समाप्त होने से दो साल पहले इस्तीफा दे दिया था। दूसरी ओर सुजीत कुमार को आज पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने पार्टी से निष्कासित कर दिया। सूचना मिला है की उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीजद से निष्कासित किया गया है।

# भुवनेश्वर में महिला के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने के आरोप में 3 लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


**भुवनेश्वर।** इंफोसिटी पुलिस ने आज राज्य की राजधानी के केआईआईटी स्क्वायर क्षेत्र में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और उसके घर को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। भुवनेश्वर के डीसीपी प्रतीक सिंह के अनुसार, पद्ममालिनी महापात्रा (51) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि मानस कुमार साहू, अरुण कुमार राउत, नारू राउत और पटिया क्षेत्र के 10-15 असामाजिक तत्व 2 सितंबर को दोपहर करीब 1.30 बजे चाकू, भुजाली, हॉकी स्टिक, चेन आदि के साथ जबरन उसके घर में घुस आए और उसे गंदी-गंदी गालियां दीं, लात-घूंसों से हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। डीसीपी ने बताया कि इसके अलावा, उन्होंने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और दो जेसीबी का उपयोग करके उसके घर के सामने के हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उसके घर का कुछ कीमती सामान लेकर मौके से भाग गये।

उन्होंने आगे कहा कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मानस कुमार साहू, निरंजन राउत और जगदीश पटसानी को गिरफ्तार कर लिया और उन पर धारा 333/296/115 (2) /74/308 (2) /310 (2)/3 (5) बीएनएस आर/डब्ल्यू सेक्शन 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव, बीजेपी का घोषणा पत्र जारी

# 5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर देने का वादा

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** भाजपा ने शुक्रवार, 6 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपये यातायात भत्ता दिया जायेगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। उन्होंने कहा, '5 लाख रोजगार दिए जायेंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिया जायेगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जायेगी।' जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आयेंगे।

**गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे**

शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 (अ) बीते दौर की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है।

ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।

# टीपीडब्ल्यू ओडीएल ने 33/11 केवी पावर सब स्टेशन स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बिजली वितरण की गुणवत्ता के लिए अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की अपनी पहल के हिस्से के रूप में टीपीडब्ल्यूओडीएल ने रेमेड संबलपुर में एक नया 33/11 केवी पावर सब स्टेशन स्थापित किया है, जिसे गुरुवार को चालू किया गया। टीपीडब्ल्यूडीएल के सीईओ प्रवीण बर्मा ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पावर सब-स्टेशन का उद्घाटन किया। यह नया पीएसएस बुर्ला, हीराकुड, रेमेड, गोपालालपल्ली, दुगार्पाल्ली, क्षेत्राजपुर, लारपांक और आसपास के क्षेत्रों के आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक उपयोगकर्ताओं सहित लगभग 25,000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। पहले, इन सभी क्षेत्रों में बिजली सेवा अइंठापाली पीएसएस द्वारा प्रदान की जाती थी। से आपूर्ति की गयी थी इससे निश्चित रूप से उपरोक्त सभी क्षेत्रों में वोल्टेज प्रोफाइल और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार होगा। इसलिए एक रणनीतिक निर्णय के रूप में कंपनी ने रेमेड में एक नया समर्पित 33/11 केवी पावर सबस्टेशन (पीएसएस) स्थापित किया है। इससे न केवल परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी बल्कि हमारे ग्राहकों के लिए बिजली सेवा पुनर्प्राप्ति समय में भी काफी कमी आयेगी। टीपीडब्ल्यू ओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा, कंपनी ने संबलपुर जिले और संबलपुर शहर के लिए अपनी बुनियादी ढांचा विकास गतिविधियों को प्राथमिकता दी है और परियोजना कार्यान्वयन टीम को ऐसे सभी चरणों को नियोजित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# स्वचालित संकेत प्रणाली-रेल संचालन में दक्षता और सुरक्षा में वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे सुरक्षित और अधिक कुशल ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए अपने बुनियादी ढांचे को लगातार उन्नत कर रहा है। इस आधुनिकीकरण के हिस्से के रूप में, यखपुरा निर्गुंडी और खुर्दा रोड-गोलंथरा रेल खंडों सहित प्रमुख रेलवे खंडों पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) प्रणाली तैनात की जा रही है। यह उन्नत प्रणाली ट्रेन परिचालन क्षमता और ट्रेनों की सुरक्षा को बढ़ायेगी। **स्वचालित संकेत प्रणाली की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं : एक ब्लॉक सेक्शन में एकाधिक ट्रेनें:**

एबीएस प्रणाली कई ट्रेनों को एक ब्लॉक सेक्शन में रहने की अनुमति देती है, जो स्वचालित सिग्नलिंग ट्रेन संचालन की एक सामान्य विशेषता है। इस प्रक्रिया में कुछ भी असामान्य या असुरक्षित नहीं है, क्योंकि सिस्टम को ऑटो क्षेत्र में ट्रेनों को सुरक्षित और कुशलता से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है। **गलत सूचना के खिलाफ अपील:** पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) जनता और प्रभावशाली लोगों से आग्रह करता है कि वे एक ब्लॉक सेक्शन में कई ट्रेनों की मौजूदगी के बारे में गलत सूचना न फैलाएं। प्रणाली पूरी तरह से स्वचालित है और सुरक्षा के अपेक्षित मानकों को सुनिश्चित करती है। **आगामी परियोजनाएं :** यखपुरा-निर्गुंडी और खुर्दा रोड-गोलंथरा रेलवे खंड में जल्द ही एबीएस प्रणाली लागू होगी। इन महत्वपूर्ण रेलवे खंडों में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग परियोजना के लिए 160 करोड़ का टेंडर पहले ही दिया जा चुका है। **प्रमुख क्षेत्रों में परिचालन संबंधी सफलता :** खुर्दा रोड-निर्गुंडी और भद्रक-यखपुरा रेलवे खंडों ने सुरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित करते हुए एबीएस को सफलतापूर्वक लागू किया है। **स्वचालित सिग्नलिंग के लाभ :** एबीएस प्रणाली लाइन क्षमता बढ़ाती है, परिचालन लागत कम करती है, और व्यस्त मार्गों पर ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करती है। **एबीएस सिस्टम के बारे में :** स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) प्रणाली रेलवे लाइनों को छोटे खंडों या ब्लॉक में विभाजित करती है। ट्रैक सर्किट और अन्य पता लगाने के तरीकों का उपयोग करके, यह ट्रेन की स्थिति के आधार पर सिग्नल संचालन को स्वचालित करता है, जिससे ट्रेन की कुशल आवाजाही सुनिश्चित होती है और टकराव को रोका जा सकता है। यह प्रणाली आधुनिक ट्रेन परिचालन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कई ट्रेनों को एक ब्लॉक सेक्शन के भीतर यात्रा करने की अनुमति देती है, जिससे सुरक्षा से समझौता किए बिना रेलवे की क्षमता का इष्टतम उपयोग होता है। **सुरक्षा और दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता :** भारतीय रेलवे अपने सिग्नलिंग सिस्टम के निरंतर उन्नयन के माध्यम से अपने परिचालन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन प्रयासों में सुरक्षित और कुशल ट्रेन प्रबंधन के लिए स्वदेशी ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) या कवच प्रणाली की तैनाती शामिल है।

> एक स्वचालित सिग्नलिंग सिस्टम ब्लॉक सेक्शन में कई ट्रेनों को शामिल किया जा सकता है
>
> ट्रेन यातायात में एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे एक कई ट्रेनों का होना असामान्य बात नहीं है।
>
> यखपुरा-निर्गुंडी और खुर्दा रोड-गोलंथरा रेलवे खंड पर जल्द ही स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली लागू की जायेगी।
>
> ऑटोमेटेड ब्लॉक सिग्नलिंग प्रोजेक्ट के लिए 160 करोड़ रुपये का टेंडर दिया गया है।
>
> खोरधा रोड-निर्गुंडी और भद्रक-यखपुरा रेलवे खंड पहले से ही स्वचालित सिग्नलिंग के साथ चालू हैं।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**